# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–246 । सागर, गुरुवार, 26 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



टीकाराजा के खिलाफ सांसद प्रतिनिधि धीरेन्द्र नायक मैदान में उतरेंगे पृष्ठ 3

- जंग की आग में फिल्म का प्रचार
- मिजोरम विधानसभा चुनाव पर मणिपुर हिंसा की छाया पृष्ठ 4

- शिक्षा के मंदिर में टॉयलेट साफ कर रहे मासूम पृष्ठ 6

नामाकंन के तीसरे दिन जिले में 10 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किए पृष्ठ 8


बड़ा हादसा टला

# पातालकोट एक्सप्रेस के 2 डिब्बों में लगी आग, यात्रियों ने कूदकर बचाई जान



**आगरा, एजेंसी।** मथुरा से झांसी जा रही पतालकोट एक्सप्रेस में बुधवार दोपहर 3.45 बजे के लगभग भांडई रेलवे स्टेशन के समीप तेज धमाके के साथ अग लग गई। ट्रेन की 2 जनरल बोगियों में लगी इस आग के बाद भगदड़ मच गई। ट्रेन रुकते ही बदहवास यात्रियों ने कूदना शुरू कर दिया। इस घटना में जहां कई यात्री बुरी तरह झुलस गए, वहीं कूदने से भी कई यात्रियों के घायल होने की खबर है। लेकिन बड़ा हदसा होने से बच गया। घटना की खबर मिलते ही रेलवे और के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। घटना के बाद यहां ट्रेनों का आवागमन रोक दिया गया।

घटना के समय ट्रेन संख्या–14624 पातालकोट एक्सप्रेस पंजाब के फिरोजपुर से छत्तीसगढ़ के सिवनी जा रही थी। ट्रेन आगरा के रेलवे फाटक संख्या 487 से गुजर रही थी कि उसी समय ट्रेन के डिब्बों से धुआं उठते हुए देखकर गेटमैन ने स्टेशन मास्टर को इस बात की सूचना दी। देखते ही देखते ट्रेन से उठने वाला धुआं आग की तेज लपटों में बदल गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आनन–फानन में ट्रेन को भांडई और जाजऊ रेलवे स्टेशन के पास रोका गया, साथ ही फायर ब्रिगेड बुलाई गई, इस बीच रेलवे के आरपीएफ और बचाव टीम भी मौके पर पहुंच गई। फायर फायटरों और आमजनों की सहायता से करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया जा सका। घटना के बाद इन डिब्बों की बिजली आपूर्ति बंद कर कोच को अलग कर दिया गया था।

इंजन के पीछे लगे ट्रेन के 2 जनरल कोच में आग लगी थी, दोनों कोच साधारण थे। घटना के समय इन कोचों में 144 से ज्यादा यात्री सवार थे। इस हादसे में कुछ लोग झुलस गए हैं, हालांकि रेलवे ने अधिकारिक रूप से पर इसकी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई है।

### इनका कहना है


पातालकोट एक्सप्रेस के जनरल कोच में भांडई स्टेशन के पास आग लग गई थी। स्टाफ द्वारा स्टेशन मास्टर को सूचना दी गई। इसके बाद ओएचई को शट डाउन करते हुए ट्रेन को रोका गया। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है, मामले की जांच की जाएगी।

**तेज प्रकाश अग्रवाल**
मंडल रेल प्रबंधक, रेल मंडल आगरा

मोदी मंत्रिमंडल ने किया फैसला

# खाद सब्सिडी जारी रहेगी

### यूरिया–डीएपी के नहीं बढ़ेंगे दाम



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्र सरकार ने किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत खाद पर न केवल सब्सिडी को जारी रखा जाएगा, बल्कि यूरिया और डीएपी की मौजूदा कीमत में कोई बढोत्तरी नहीं की जाएगी। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि एक बार फिर किसान हितैषी सरकार ने निर्णय लिया हैकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ती कीमत का असर देश में किसानों पर नहीं पड़ने दिया जाएगा। इसके तहत केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी सत्र के लिए पीएंडके उर्वरकों पर 22303 करोड रुपए की सब्सिडी को मंजूरी दी है। उन्होंने कहाकि वैश्विक स्तर पर कीमतों में बढोत्तरी के बावजूद किसानों को डीएपी पुराने दर 1,350 रुपए प्रति बैग की कीमत पर मिलती रहेगी। साथ ही यूरिया के दाम भी नहीं बढाए जाएंगे और एमओपी 45 रुपए प्रति बोरी कम पर मिलेगी। उन्होंने बताया कि एनबीएस के तहत किसानों को खाद रियायती दाम पर मिलते रहेंगे। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तराखंड के जमरानी बांध को प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना–संवर्द्धित सिचाई लाभ कार्यक्रम में शामिल करने का मंजूरी दे दी।

# छत्तीसगढ़ में 30 करोड़ की नगदी और सामग्री जब्त

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू है। इस दौरान तय राशि के अलावा सामग्री का परिवहन प्रतिबंधित है। जगह–जगह चेक पोस्ट बनाए गए हैं और वाहनों की तलाशी ली जा रही है। इसी क्रम में अब तक 30 करोड़ से ज्यादा की सामग्री और नगदी बरामद की गई है। राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने से लेकर अब तक की स्थिति में 30 करोड़ 52 लाख 32 हजार रूपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई है, जिसमें आठ करोड़ 13 लाख 43 हजार रूपए की नगद राशि शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने नर्मदापुरम में किया रोड शो, नरसिंहपुर, मुलताई और टिमरनी में की सभाएं, बोले–

# कांग्रेस में चल रही कपड़ा फाड़ प्रतिस्पर्धा



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कांग्रेस की हालत अजब–गजब हो गई है। सोनिया कांग्रेस, खड़गे कांग्रेस बनी, फिर मध्यप्रदेश में कमलनाथ कांग्रेस हो गई। कमलनाथ ने तो क्या, उनके बेटे ने भी टिकट बांट दिए और जब टिकट को लेकर कोलाहल मचा, लोग कमलनाथ के पास पहुंचे तो कमलनाथ ने कहा, कपड़े फाड़ना है तो दिग्विजय सिंह और जयवर्धन सिंह के फाड़ो।

श्री चौहान ने नर्मदापुरम में रोड शो कर नरसिंहपुर, मुलताई और टिमरनी में विशाल चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कपड़ा फाड़ हो गई। कांग्रेस टिकट बदल कांग्रेस बन गई है। कांग्रेस ने घबराकर कई जगह टिकट बदल दिए हैं। कांग्रेस की हालत तो बड़ी अजब–गजब हो गई है। अब देखते हैं कांग्रेस में आगे और क्या होने वाला है। श्री चौहान ने नरसिंहपुर से भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल का नामांकन दाखिल कराया और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, प्रहलाद एक नया इतिहास रचेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि, कांग्रेस की विकृत मानसिकता देखिए उन्हें कन्या पूजन नाटक–नौटंकी लगती है। उन्होंने कहा कि बेटियों का पूजन दिग्विजय सिंह और कमलनाथ के लिए नाटक–नौटंकी होगी, लेकिन मेरे लिए यह जीवित जागृत देवियां है। मैं हर कार्यक्रम से पहले कन्या पूजन करता हूं और करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि, मध्यप्रदेश अब पिछड़ा नहीं है, मध्यप्रदेश अब बीमारू भी नहीं है। मध्यप्रदेश को विकसित प्रांतों की कतार में ले जाकर खड़ा कर दिया है। हमारा संकल्प है कि, अब मध्यप्रदेश को हिंदुस्तान का नं–1 राज्य बनाकर रहेंगे। श्री चौहान ने कार्यकर्ताओं को भाजपा की विजय का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने कहा कि, आप जीत का रिकॉर्ड बनाइए और भाजपा विकास का रिकॉर्ड बनाएगी।

कमलनाथ ने उठाए सवाल, कहा–

# प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था खस्ताहाल



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने बुधवार को ट्वीट कर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार आने पर वरदान स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरुआत की जाएगी। इस योजना के जरिए लोगों का 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराया जाएगा। इसमें 10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा भी शामिल है। कमलनाथ ने कहा कि शिवराज सरकार के 18 वर्ष के कार्यकाल में मध्य प्रदेश स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में पिछड़े राज्यों की पंक्ति में आ कर खड़ा हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश में बीमार और गर्भवती महिलाओं को एंबुलेंस तक नहीं मिलती है और आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज भी नहीं हो प रहा है। कमलनाथ ने कहा कि राज्य में मृतकों का उपचार दिखाकर घोटाला किया जा रहा है। उन्होंने व्यापम और नर्सिंग कॉलेज घोटालों के जरिए राज्य की छवि खराब करने का आरोप भी सिरकार पर लगाया।

# कांग्रेस ने 4 प्रत्याशी बदले

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के लिए अपने 4 प्रत्याशियों को बदल दिया है। पूर्व में घोषित प्रत्याशियों के लगातार विरोध के बाद पार्टी ने इन सीटों पर प्रत्याशी बदलने का फैसला लिया है।

सुमावली से अजब सिंह कुशवाह को टिकट दिया है, पहले कुशवाह का टिकट काटकर कुलदीप सिकरवार को प्रत्याशी बनाया गया था। पिपरिया से वीरेंद्र बेलवंशी को प्रत्याशी बनाया गया है। यहां से पहले गुरुचरण खरे को टिकट दिया गया था। वहीं बड़नगर से अब मुरली मोरवाल को टिकट दिया गया, यहां पहले राजेंद्र सिंह सोलंकी को टिकट दिया था। जावरा से वीरेंद्र सिंह सोलंकी को टिकट दिया गया यहां पहले हिम्मत श्रीमाल उम्मीदवार बनाए गए थे। इससे पहले पार्टी ने घोषित प्रत्याशियों के विरोध के चलते पहली सूची में घोषित 3 सीटों पर प्रत्याशी बदले थे। इनमें दतिया से अवधेश नायक की जगह राजेंद्र भारती, गोटेगांव में शेखर चौधरी की जगह नर्मदा प्रसाद प्रजापति यथावत और पिछोर से शैलेंद्र सिंह का टिकट काटकर अरविंद सिंह लोधी को प्रत्याशी बनाया गया है।

### आमला पर कोई निर्णय नहीं

कांग्रेस ने बैतूल जिले की आमला विधानसभा सीट पर अब तक कोई पुनर्विचार नहीं किया है। यहां से कांग्रेस ने मनोज मालवे को प्रत्याशी बनाया। माना जा रहा था इस सीट से डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे को चुनाव मैदान में उतारा जाएगा, लेकिन जिस दिन निशा बांगरे का इस्तीफा सरकार ने मंजूर किया इससे पहले ही पार्टी ने मनोज मालवे को उम्मीदवार घोषित कर दिया। इसके बाद यह चर्चा है कि यहां मालवे की जगह निशा बांगरे को टिकट दिया जा सकता है, लेकिन इस बारे में देर शाम तक कांग्रेस की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। जबकि निशा बांगरे ने सोशल मीडिया के जरिए यह कहा कि कांग्रेस को अपना रुख साफ करना चाहिए। इसे लेकर वे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ से भी मिलेंगी। अभी भी यह चर्चा है कि आमला कांग्रेस मालवे की जगह निशा बांगरे को मैदान में उतार सकती है।

एक देश, एक चुनाव को लेकर हुई बैठक

# 2024 के चुनाव में लागू करना मुमकिन नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति की दूसरी बैठक हुई। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे, जम्मू–कश?मीर के पूर्व सीएम गुलाम नबी आजाद के अलावा विधि आयोग के चेयरमैन ऋतु राज अवस्थी मौजूद रहे। इस दौरान लॉ कमीशन की ओर से एक पूरा रोडमैप पेश किया गया।

सूत्रों ने बताया कि बैठक में लॉ कमीशन ने जानकारी दी है कि वन नेशन, वन इलेक्शन को अगर देश में लागू करना है तो उसके लिए कानून और संविधान में क्या संशोधन करने पड़ेंगे।

सूत्रों के मुताबिक, कमीशन ने कमेटी को बताया कि फिलहाल 2024 के चुनाव में वन नेशन वन इलेक्शन को लागू करना मुमकिन नहीं है, लेकिन 2029 में इसको लागू किया जा सकता है। उससे पहले संविधान में संशोधन करना होगा। समिति ने अपनी दूसरी बैठक में इस बार लॉ कमीशन के चेयरमैन को भी शामिल होने के लिए बुलाया था। समिति जानना चाहती है कि देश में एक साथ चुनाव किस तरह से करवाए जा सकते हैं। इसलिए विधि आयोग के सुझाव और विचार जानने के लिए बुलाया गया था।

राहुल के साथ साक्षात्कार में सत्यपाल मलिक बोले

# मैं लिखकर देता हूं कि मोदी सरकार अब नहीं आएगी



पुलवामा में सीआरपीएफ के जवान शहीद इस कारण हुए क्योंकि उन्होंने पांच एयरक्राफ्ट मांगे थे। एयरक्राफ्ट मांगने की एप्लीकेशन चार महीने गृह मंत्रालय में अटकी रहीः सत्यपाल मलिक, पूर्व राज्यपाल

- पूर्व राज्यपाल ने किसान आंदोलन, पुलवामा हमले व अडानी समेत कई मुद्दों पर सरकार को घेरा
- जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस देना चाहिए
- सरकार ने पूलवामा का राजनीतिक इस्तेमाल किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का साक्षात्कार किया है। इसमें उन्होंने किसान आंदोलन, पुलवामा हमले और अडानी समेत कई मुद्दों पर बात की और केंद्र सरकार को निशाने पर लिया।

इस बातचीत को राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर करते हुए लिखा, 'क्या ये संवाद ईडी–सीबीआई की भाग दौड़ बढ़ा देगा? राहुल गांधी से बातचीत के दौरान सत्यपाल मलिक ने मणिपुर हिंसा का जिक्र करते हुए कहा, 'नॉर्थ ईस्ट स्थिर था, लेकिन इन्होंने (केंद्र और राज्य सरकार) ने अशांत कर दिया। छह महीने की ओर बात है। मैं लिखकर दे रहा हूं कि ये सत्ता में नहीं आएंगे।'

अगले साल 2024 में लोकसभा चुनाव है। इसमें एक तरफ बीजेपी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन है तो दूसरी तरफ कांग्रेस, टीएमसी और जेडीयू सहित अन्य विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' आमने–सामने होगा।

### कश्मीर को जबदरस्ती ठीक नहीं कर सकते

राहुल गांधी ने पूछा कि जब आप जम्मू कश्मीर में थे तो काफी पेचीदा समय था। इस पर आपकी क्या राय है? सत्यपाल मलिक ने कहा, 'आप जम्मू कश्मीर को जबदरस्ती या सेना से ठीक नहीं कर सकते। यहां के लोगों को जीत कर आप कुछ भी कर सकते हैं। समस्या का समाधान करने के लिए पहले तो राज्य का दर्जा वापस देना चाहिए है। उन्होंने आगे दावा किया कि जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा केंद्र सरकार ने शायद इस कारण दिया क्योंकि इनको लगता था कि पुलिस विद्रोह कर देगी, लेकिन पुलिस तो सरकार के प्रति वफादार रही है। पुलवामा में हुए आतंकी हमले को लेकर सत्यपाल मलिक ने कहा, मैं यह तो नहीं कहता कि इन्होंने (केंद्र सरकार) ने कराया, लेकिन पुलवामा में इन्होंने नजरअंदाज किया और फिर इसका राजनीतिक इस्तेमाल किया। ऐसा इसलिए बोल रहा क्योंकि इनकी स्पीच है। इसमें ये बोल रहे हैं कि वोट देने जाओ तो पुलवामा की शाहदत को याद रखना।'

### राहुल बोले, एयरपोर्ट पर मुझे कमरे में बंद किया

राहुल गांधी ने इस पर कहा, मैंने पुलवामा के बारे में सुना तो पता लगा कि शहीद एयरपोर्ट आ रहे हैं तो मुझे मेरे सिक्योरिटी वाले ने कहा कि आप एयरपोर्ट मत जाओ, लेकिन मैंने कहा कि मैं जा रहा हूं। मुझे एयरपोर्ट पर कमरे में बंद कर दिया गया। बताया गया कि शहीद आए हुए थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ रहे हैं। मैं लड़कर कमरे से निकला तो लगा कि पूरा शो बनाया जा रहा है। सत्यपाल मलिक ने कहा कि पुलवामा में सीआरपीएफ के जवान शहीद इस कारण हुए क्योंकि उन्होंने पांच एयरक्राफ्ट मांगे थे। एयरक्राफ्ट मांगने की एप्लीकेशन चार महीने गृह मंत्रालय में अटकी रही। गृह मंत्रालय ने ये खारिज कर दिया। इस कारण ये लोग सड़क से गए।




# देवी मूर्तियों का हुआ विसर्जन, अखाड़े ने दिखाये करतब, रावण के पुतले का किया दहन



**शाहगढ़, देशबन्धु।** मंगलवार को शहर में विराजित देवी मूर्तियों के विसर्जन का सिलसिला जारी रहा। मुख्य चौराहों पर विराजित बड़ी मूर्तियों का विसर्जन चल समारोह के रूप में किया गया। इस दौरान भक्तों की आस्था उमड़ पड़ी। बड़ी मूर्तियां जैसे ही अपने स्थलों से विसर्जन के लिए निकाली, तो श्रद्धालु आकर्षक मूर्तियों को अपने मोबाइल में कैद करने के लिए उत्साहित रहे। विसर्जन चल समारोह में शामिल युवा और महिलाएं ढोल ढमाकों पर खूब थिरके। क्षेत्र में 15 से अधिक दुर्गा पांडालों से देवी मूर्तियों के विसर्जन का चल समारोह निकला। दोपहर 12 बजे के बाद पांडालों से मूर्तियां विसर्जन के लिए निकलना शुरू हुईं। काली चौराहा, अंबे चौक पर विराजित मां काली की 15 फीट ऊंची मूर्ति थी, चल समारोह में बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे जो अखाड़े का प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे। इधर ढोल ढमाकों पर युवाओं की टोली झूमती यह चल समारोह जैसे ही अंबे चौक काली चौराहे की ओर से हाइवे की ओर बढ़ा तो यहां आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। नगर की सड़क श्रद्धालुओं से पट गई। केसरिया झंडे लहराते हुए युवाओं ने मां काली के जयकारे लगाए। नगर की मां दुर्गा की सभी मूर्ति विसर्जन चल समारोह में शामिल रही। इसके बाद सभी स्थलों की चल समारोह में शामिल मूर्तियों के विसर्जन का यह चल समारोह तिराहा होते हुए आंबेडकर चौराहे से हाइवे से होकर बीला चंदिया जलाशय पहुंचा।

### अखाड़ा के प्रदर्शन को देख दर्शक हुए अचंभित

नगर परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नगर के अंबे चौक पर नगर के छह अखाड़ो द्वारा दिखाये गये प्रदर्शन को देख दर्शक दीर्घा में मौजूद लोग अचंभित हो गये, करतब में एक दर्जन लोगों द्वारा एक युवक पर लाठियों से किए गए हमला से खुद को बचाकर अकेले ही सभी को घायल करना, मलखंब पर चढ़कर छोटे-छोटे बच्चो का प्रदर्शन ने सभी के मन को मोह लिया। दर्शकों ने बच्चो का उत्साह वर्धन किया। अखाड़ा प्रदर्शन उपरांत असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक दशहरा पर राम दल द्वारा बनाए गए बुराई के प्रतीक 15 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया। अखाड़ों के प्रदर्शन पर नगर परिषद की ओर से सभी को पुरस्कार दिया गया।

### सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहा पुलिस बल

मूर्तियों के विसर्जन चल समारोह में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस अधिकारियों ने बड़ी मूर्तियों के चल समारोह को शांतिपूर्ण रूप से बोला जलाशय तक पहुंचाया। चल समारोह में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। बीला चंदिया जलाशय पर भी मूर्तियों के विसर्जन के दौरान पुलिस बल मौजूद रहा। यहां कुंड के आसपास भीड़ एकत्रित ना हो इसे लेकर भी सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई थी। देर शाम तक में मूर्तियों का विसर्जन चलता रहा।

## मोतीचूर नदी में देर रात तक प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन, गाजे बाजे और नम आंखों से की माता की विदाई



**बीना, देशबन्धु।** दशहरे के दिन दुर्गा प्रतिमाओं को गाजे-बाजे के साथ अंतिम विदाई दी गई। पूजा अर्चना के साथ देवी प्रतिमाओं का नदी और तालाबों में विसर्जन किया गया। शहर के प्रमुख मार्गों से मां दुर्गा की झांकियां निकाली गई और इसके बाद देर रात तक प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम के साथ किया गया। पूजा पंडालों में हवन पूजन के बाद एक-एक कर विभिन्न स्थानों पर विराजी गई देवी प्रतिमाओं को वाहन में सजाकर विसर्जन के लिए झांकी निकाली गई। इस नजारे को देखने के लिए शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से भारी संख्या में लोग नगर के चौराहों पर एकजुट हुए और माता का अंतिम दर्शन कर उन्हें विदाई दी। भक्तों के द्वारा ट्रैक्टर ट्रॉली और ट्रक में माता रानी की झांकी सजाई गई थी और बैंड बाजे, डीजे पर थिरकते हुए भक्त चल रहे थे। शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए झांकियां मोतीचूर नदी पहुंची, जहां बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन क्रेन से किया गया। नदी पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई थी और तैराकों द्वारा ही प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से अन्य व्यक्तियों को घाट पर नहीं जाने दिया। शहर में जगह-जगह पुलिस जवान तैनात किए गए थे, जिससे चल समारोह शांतिपूर्वक निकाले जा सके। देर रात तक चल समारोह निकलते रहे और मुख्य मार्गों पर झांकियां देखने वालों की भीड़ भी लगी रही। शहर में 75 से ज्यादा प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। झांकियों को देखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। भागनढ़, बसाहरी, खिमलासा, मंडी बामोरा, कंजिया सहित अन्य जगहों पर भी चल समारोह निकाले गए। बड़ी संख्या में ग्रामीण माता रानी को विदाई देने पहुंचे थे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार सुनील शर्मा, एसडीओपी प्रशांत सुमन, थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर सहित प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

## गाजे बाजे एवं अखाड़ों के साथ निकला दशहरा चल समारोह, भगवान राम ने किया लंकापति रावण का वध



**राहतगढ़, देशबन्धु।** श्रीरामदल उत्सव समिति के तत्वाधान में विजयादशमी दशहरा पर्व पर गाजे बाजे एवं अखाड़ो के साथ चल समारोह नगर के मुख्य मार्गो से निकाला गया। भगवान राम लक्ष्मण एवं हनुमान जी की संजीव झांकी आकर्षक का केंद्र रही। दशहरा चल समारोह शनिचरा बाजार स्थित श्रीदेव श्यामलिया जी सरकार मंदिर से प्रारंभ हुआ जो बनेनीघाट, बुधवारा, शुक्रवारा, झंडा चौक से वापस होकर दुर्गा चौक पुराना थाना, बस स्टैंड होकर ब्लॉक कॉलोनी दशहरा मैदान पहुंचा जहां पर भगवान राम ने लंकापति रावण के 22 फुट पुतले का दहन किया। समिति द्वारा चल समारोह में शामिल अखाड़ों के उस्ताद खलीफाओं एवं सभी विभागों के अधिकारियों का शाल, श्रीफल से सम्मान किया गया। पुराना थाना दुर्गाचौक पर नगर के अखाड़ों ने हैरत अंगेज करतब दिखाए। नारी शक्तियों का मां जगदंबा अखाड़ा आकर्षक का केंद्र रहा। वही जगह जगह सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों एवं नगर के लोगो ने दशहरा चल समारोह के दौरान पुष्पवर्षा की एवं भगवान श्रीराम की आरती उतारी। इस मौके पर श्री रामदल उत्सव समिति के पदाधिकारी सदस्य एवं क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। रात्रि में दुर्गा प्रतिमाओं का चल समारोह निकला। देर रात विसर्जन बीना नदी बनेनीघाट पर हुआ। इस दौरान प्रशासनिक व्यवस्था चाक चौबंद रही। सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

## नौ रात नौ दिन माई दसम दिन विदाई विसर्जन को चली मां, हर आगंन सूना हर गली नीरस हुई



**मालथौन, देशबन्धु।** नवरात्रि महोत्सव के नौ दिनों तक समूचे नगर में उत्सव की भांति, धर्ममय माहौल रहा है चारो तरफ आर्कषक सजावट से सजे रहे दरबार, मां अम्बे के दरबार में धार्मिक भजन गीत की महिमा रही। अंतिम दिवस नगर सहित आसपास दुर्गा पंडालो में हवन पूजन के बाद मां दुर्गा की स्वरूप प्रतिमाओं को ढोल नगाड़ों के साथ और नम आंखों से भक्तों ने भव्यता पूर्वक विदाई दी। नगर तालाब और गौधाम में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन विधि विधान पूर्वक से कराया गया। दशहरा की शाम को देवी पंडालों से महाआरती संपन्न हुई तद्पश्चात प्रतिमाओं को वाहनों में सवार कर विदाई चल समारोह पूर्वक नगर के प्रमुख मार्ग से विसर्जन स्थल तालाब और गौधाम जलाशय को रवाना हुई इस दौरान रास्ते मे देवी प्रतिमाओं श्रृद्धालुओ ने आरती उतारी और प्रसाद अर्पित कर दर्शन कर विदाई दी। इस बीच भक्त माता के नौ दिन तक समूचे नगर में धर्ममय बातावरण छाया रहा है शक्ति स्वरूपा मां जगतजाननी की उपासना माता के भक्त डूबे रहे। नवरात्रि के अंतिम दिन भक्तो ने माता को नम आंखों से विदाई समारोह पूर्वक दी। नगर में समस्त दुर्गा पंडालो से प्रतिमाओं को वाहनों में सवार कर ढोल ढमाकों के साथ चल समारोह विसर्जन के लिए चली। इस दौरान एक भजन गीत की धुन नौ रात नौ दिन रात माई दसम दिन विदाई विसर्जन को चली मां। हर आगंन सूना हर गली नीरस हुई चलता रहा हैं। नगर परिषद द्वारा निकाय अंतर्गत दुर्गा प्रतिमाओं की तालाब और गौधाम जलाशय पर निकाय अधिकारी कर्मचारियों, पुलिस की उपस्थिति में झांकियों का विधि विधान से विसर्जन कराया गया।

## मालथौन में शेर जमकर नाचे, बुंदेलखंड की प्रसिद्ध शेर नृत्यकला



**मालथौन, देशबन्धु।** शेर नृत्य कला बुंदेलखंड की बहुत पुरानी परंपरा चली आ रही है। आज तकनीक, मोबाइल और टेलीविजन के युग मे पुरानी परंपराये विलुप्त हो चली है। फिर भी कही कहीं आज भी शेर नृत्यकला जीवित बनाये रखे हैं। आज की पीढ़ी मल्टीमीडिया, एनराइड मोबाइल में खो गए है। बुंदेलखंड की सांस्कृतिक, लोककलाओं के बारे में अनजान, अनभिज्ञ हैं। इनके महत्व से ज्ञात कराना उन्हें आवश्यक हैं। इसके लिए सरकार या सामाजिक संगठनों को इस और ध्यान देने की बेहद आवश्यकता है अपनी बुंदेलखंड की धार्मिक, सांस्कृतिक ऐसी परंपरा पुनःजीवित रहे। बुंदेलखंड की प्रसिद्ध शेर नृत्यकला का धार्मिक दृष्टि से बड़ा महत्व हैं शेर मातारानी की सवारी हैं। नवरात्रि में शेर नृत्यकला से माँ से मनोकामना, वरद और सुख समृद्धि की कामना के लिए लोग शेर नृत्य करते हैं। नवरात्रि में श्रृद्धालु अलग-अलग प्रकार से मातारानी की आराधना करते हैं। मां की आराधना में शेर का रूपधारण कर नृत्य करते हैं। दुर्गा नवमीं को मातारानी के दरबार कलाकार ढोल नगाड़ों की धुन शेर जमकर नृत्य करते मां के प्रति भक्ति करते है। दूसरे दिन दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में समूचे नगर में शेर बधाई नृत्य करते भृमण करते हैं नगर के लोग इनकी खूब आवभगत भी करते है। शेर नृत्य सवारी के साथ मातारानी का एक खप्पर भी चलता हैं। नगर के किला प्रांगण में दशहरा उत्सव कार्यक्रम में भी अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य जीत के उत्सव में शेर जमकर बधाई नृत्य करते हैं। वैसे यह परंपरा शहरों एगांवों में विलुप्त होती जा रही हैं पहले हर गांव में शेर नृत्यकलां होती थी।

मालथौन में पहले बहुत लोग शेर बनते थे। जैसे उनकी उम्र ढलती गई नई पीढ़ी की दूरियां रही। पुराने शेर नृत्य कलाकारों में कुछ उम्रदराज अवस्था मे चले गए। लेकिन इस परंपरा को उनके परिवार के कुछ लोग निभाते आ रहे है। मालथौन के निवासी वयोवृद्ध भैरव सिंह लोधी का विगत दो बर्ष पूर्व स्वर्गवास हो जाने बाद उनके पुत्र करन सिंह लोधी इस शेर नृत्यकला परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, इस बार शेर बने। कमाता प्रसाद नामदेव और पप्पू चौरसिया कई बर्षो से शेर बनते आ रहे है।

### एसबीआई में कियोस्क संचालकों का किया गया सम्मान

**केसली, देशबन्धु।** विकासखंड केसली अंर्तगत एसबीआई कियोस्क संचालकों के लिए एसबीआई शाखा प्रबंधक ने सराहना की, साथ ही भूपेंद्र सिंह लोधी और हुकम पटेल को लगातार सर्वाधिक खाते खोलने पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक सहित स्टाफ द्वारा एसबीआई शाखा कार्यालय केसली में सम्मानित किया गया।



### डाक मतपत्र के सभी कार्य समय सीमा में करने होंगे कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों, आरओ को दिये निर्देश

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने सभी नोडल अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों को डाक मतपत्र के सभी कार्य निर्धारित समयावधि में करने का आदेश दिया है। इस दायित्व के निर्वतन में संबंधित शाखा प्रभारी भी शामिल है। डाक मतपत्र के निर्धारित फार्म 12 व 12 डी की उपलब्धता एवं डीईओ कार्यालय को आरओ द्वारा आज भेजा गया है। इसी प्रकार अनुपस्थित मतदाताओं को सूची अनुसार उनके चिन्हित निवास स्थान के अनुरूप रूट चार्ट तैयार कर जिला कार्यालय को भी आरओ द्वारा भेजने की कार्यवाही की गई है। इसके लिए 6 सदस्यीय दल का गठन भी किया जा चुका है। फेसिलिटेशन सेंटर हेतु स्थान का चिन्हांकन तथा उसके लिए प्रत्येक आरओ द्वारा 4 सदस्यीय 8-8 टीमों का गठन 30 अक्टूबर तक करने के निर्देश आरओ को दिये गये है। इस तिथि तक रिटर्निंग अधिकारियों व नोडल सामग्री शाखा द्वारा फेसिलिटेशन सेंटर सुविधा केन्द्र हेतु नेट, कम्प्यूटर, प्रिंटर सहित अन्य सामान आवश्यक सामग्री का व्यवस्थापन भी कर लिया जायेगा। अनुपस्थित मतदाताओं के मतदान दल का प्रशिक्षण 30 अक्टूबर तक संपन्न करवाने की जिम्मेदारी आरओ एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण की होगी। फेसिलिटेशन सेंटर में तैनात किये जाने वाले 4 सदस्यीय 8 दलों का प्रशिक्षण 3 नवंबर तक करवाने के निर्देश दिये। अनुपस्थित मतदाताओं के आवागमन एवं फेसिलिटेशन सेंटर भेजे जाने वाले दल तथा जिला कोषालय में मतदान पश्चात बैलेट बाक्स को जमा करवाने के लिए वाहन का दायित्व सभी आरओ व वाहन शाखा को सौंपा गया है, जिसके लिए 30 अक्टूबर तक की समय सीमा निर्धारित है। अनुपस्थित मतदाताओं एवं डाकमत पत्र हेतु पात्र चिन्हित मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट उपलब्धता हेतु 5 नवंबर की समय सीमा तय की गई है। अनुपस्थित मतदाताओं के लिए मतदाता के निवास पर मतदान हेतु 6-7 नवंबर तथा फेसिलिटेशन सेंटर पर मतदान के लिए 8, 9 एवं 10 नवंबर तक की तिथि निर्धारित की गई है। मतदान समाप्ति पर विहित प्रकिया के अनुसार डाक मतपत्र को जिला कोषालय में सुरक्षित रखवाने का दायित्व सभी आरओ व नोडल अधिकारी का होगा। जिसे 5 नवबंर तक किया जाना होगा। विधानसभावार डाक मतपत्रों की गणना एवं मतगणना संपादन के लिए 3 दिसंबर की तिथि निर्धारित है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पत्रकों में प्रतिवेदन प्रेषण का कार्य संपूर्ण निर्वाचन प्रकिया समाप्ति तक समस्त आरओ एवं नोडल अधिकारी डाक मतपत्र द्वारा प्रतिदिवस नियत समय पर की जाना होगी।

## विजयादशमी पर आरएसएस का निकला पथ संचलन



**बीना, देशबन्धु।** विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बीना नगर के प्रमुख मार्गों से पथ संचलन निकाला। जिसका जगह-जगह स्वागत किया। आरएसएस ने विजयादशमी पर कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय अधिकारी जुगराजधर द्विवेदी, मुख्य अतिथि बैंक सेवानिवृत अधिकारी अनंत आचवल, नगर संघ चालक मुरारी गोस्वामी ने भारत माता का पूजा अर्चन किया। इस अवसर पर अनंत आंचवल ने कहा कि आज हमें शपथ बध्य होने का समय है, हमें ताकतवर होना आवश्यक है। हमें अपनी सुरक्षा के लिए दूसरों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं हम बहुत सक्षम हैं। हमें केवल सहिष्णुता की आवश्यकता नहीं हम वैचारिक रूप से भी मजबूत बने रहे। जुगराजधर द्विवेदी ने कहा कि डॉ. हेडगेवार ने 1925 में कहा था हिंदुस्तान हिंदू राष्ट्र है। संघ विगत 98 वर्ष से लगातार इस ओर अग्रसर है। केवल खेल-खेल में हमने यह नारा नहीं लगाया कि कश्मीर हमारा है यह कर दिखाया और मंदिर वहीं बनाएंगे का सपना भी कर दिया संघ जो कहता है उसे पूरा करने जुट जाता हैं। हमारा राष्ट्र सर्वोपरि है मातृभूमि से बढ़कर कोई पूज्य नहीं होता। जिला प्रचारक राम समीप स्वामी के मार्गदर्शन में घोष दल के साथ सैकड़ों स्वयंसेवकों ने कदम से कदम मिलाकर कदम ताल करते हुए प्रमुख मार्गों पर पथ संचलन निकाला। पथ संचलन का अनेकों स्वयंसेवी संगठनों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन पर पुष्प बरसाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाहक देवेंद्र राय ने किया।

## चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान




**बीना, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र बीना में स्वीप प्लान के अंतर्गत एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर देवेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी इशांक धाकड़ के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद बीना में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर सिटी मिशन मैनेजर उपेंद्र विश्वकर्मा और सामुदायिक संगठक श्रीकांत ठाकुर द्वारा वोटर सेल्फी प्वाइंट एवं हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### दीपावली को देखते हुए मिष्ठान विक्रेताओं और अन्य प्रतिष्ठानों के विरूद्ध खाद्य अमलों ने की कार्यवाही

**सागर, देशबन्धु।** जिले में माह सितंबर-अक्टूबर के दौरान तथा आगामी शरद पूर्णिमा एवं दीपावली पर्व को देखते हुए मिष्ठान विक्रेताओं और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के यहां खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कार्यवाही सतत जारी रही। जिले के खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अमले ने माह सितंबर अक्टूबर की अवधि में कृष्णा स्वीटस, गोपालगंज सागर के संचालक राजू बघेल के विरूद्ध असुरक्षित एल्युमीनियम वर्क की मिठाईयां विक्रय करने के अपराध में सीजेएम न्यायालय में प्रकरण पंजीबंध कराया है। राजहंस स्वीटस बीना के विरूद्ध अमानक पनीर के विक्रय, विद्यासागर दूध डेयरी गोपालगंज के विरूद्ध अमानक घी के विक्रय, अराध्या डेयरी एंड प्रोविजन गुजराती बाजार के विरूद्ध अमानक पनीर के विक्रय, रोहित ट्रेडर्स वर्णी कालोनी के विरूद्ध मिथ्याछाप तुअर दाल के विक्रय, श्रीराम टी कार्नर, नया बाजार सागर के विरूद्ध मिथ्याछाप चाय के विक्रय के अपराध में एडीएम न्यायालय में प्रकरण पंजीबद्ध कराए गये है।

## अपने आसपास मित्र, सलाहकार श्रीकृष्ण जैसे बनाए : जया किशोरी

**मालथौन, देशबन्धु।** राष्ट्रीय संत जया किशोरी ने कहा कि अपने जीवन में आसपास मित्र और सलाहकार श्रीकृष्ण जैसे बनाये। अपने जीवन मे कृष्ण जैसे मित्र सलाहकार रखें। हर व्यक्ति के भीतर कृष्ण है। हर घर में ग्रंथ गीता है उसका अध्ययन करें। जिस कृष्ण को बाहर ढूढ़ रहे हो वह अपने घर के अंदर है। सच्चे आनन्द का महसूस करना उनकी लीलाओं से मिल जाएगा। जिंदगी का दूसरा नाम परेशानी है, आगे भजन के माध्यम से कहा कि श्याम सुंदर से जिसका संबंध है हर घड़ियां हर घड़ी आंनद ही आनन्द हैं इन पंक्तियों पर पंडाल में उपस्थित जन समूह झूम उठा। मालथौन में आयोजित आध्यात्मिक सत्र श्रीकृष्ण के जीवन से सीख धार्मिक कार्यक्रम में श्रृद्धालुओ से प्रवचनों में कही। बुधवार को सिद्ध शक्ति पीठ मां महाकाली के दरबार में आध्यात्मिक सत्र, श्रीकृष्ण से जीवन सीख कार्यक्रम में जया किशोरी के भजनों पर पंडाल में उपस्थित श्रृद्धालु जमकर झूमे उन्होंने सबसे पहले श्री राधे गोविंदा गोपाल नंदलाला प्यारा भजन से आध्यात्मिक संकीर्तन से शुरुआत की। श्री कृष्ण को जीवन मे कुछ सुख नहीं मिला पूरे जीवन दुख उठाते रहे। जब श्री कृष्ण का जन्म के पहले उनकी मृत्यु बाहर खड़ी। जेल में जन्म लेते माता पिता से अलग कर दिया। उनके बचपन से दैत्यों फिर कंस से सामने हुआ है उन्होंने बध किया। आगे



सुश्री ने बच्चों के बारे में कहा कि बच्चे सोचते है कि जल्दी बड जाये जब बड़े होते तब कहते इससे अच्छा हमारा बचपन बढ़िया था। कोई चिंता नहीं कोई काम नहीं था। सुश्री ने युवाओं को अर्जुन और कृष्ण, दुर्योधन और कर्ण की मित्रता के प्रसंग के माध्यम से कहा कि युवाओं आपके दोस्त अच्छे होने चाहिए जो आपके बुरे काम मे साथ न दे आपको रोके वह आपके साथ खड़े रहे। अर्जुन और कृष्ण की तरह दोस्त का मतलब मौज मस्ती नहीं, अच्छाई बढ़ने में समय लगता है लेकिन बुराई बढ़ने में समय नहीं लगता। अच्छे काम के लिए मां बाप को बोलना पड़ता है अच्छा बनना कठिन है और बुरा बनना आसान हैं जिसके लिए किसी को नहीं बोलना पड़ता। बुरे लोगो के साथ मेहनत नहीं लगती। भगवान के जीवन की पहली सीख यही हैं। आपके आसपास अर्जुन कृष्ण जैसे सलाहकार दोस्त होना चाहिए। ये मायने रखता है सलाहकार कौन हैं। महाभारत और गीता से सीख ले। अपने जीवन मे कृष्ण जैसे मित्र सलाहकार रखो। जिसको सत्संग पसंद है उसके लिए हर घड़ी आंनद ही आनंद हैं। जया किशोरी ने कहा कि पांडव के सलाहकार भगवान कृष्ण थे। कार्यक्रम के पूर्व जया किशोरी ने महाकाली मंदिर में पहुंचकर दर्शन कर पूजा अर्चना की। महाकाली आयोजन समति की ओर से दीपेश राजोरिया ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रृद्धालु उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### युवाओं एवं बच्चों ने मिलकर बनाया 11 फिट का रावण



**गढ़ीमलहरा, देशबन्धु।** विजयादशमी पर्व पर उत्साह और उल्लास के बीच रावण के पुतले का दहन किया गया। गढ़ीमलहरा के बार्ड क्रमांक 6 किशोरगंज में युवाओं एवं बच्चो द्वारा मिलकर पहली बार 11 फिट का रावण तैयार किया गया जिसका दशहरा पर्व पर परंपरागत रावण दहन किया गया। रावण बनाने में टीम ने उत्साह के साथ 2 दिन मेहनत की। वही देवी प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कर विशर्जन किया गया। रावण दहन को देखनें स्थानीय लोगों के अलावा आसपास के क्षेत्र के लोगो भी पहुंचे। रावण बनाने में मुख्य रुप से जानू, मनीष, चाहत, नीरज, अंशु, जय, अभय, मुकुल, अजय, उमंग, मन्ना, पृथ्वीराज, प्रतीक, मिलन, चंद्रशेखर, रमाशंकर कृष्णकांत, संजू, मनोज की भूमिका रही।

### 2 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र भरे गए

**छतरपुर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 कराए जा रहे हैं। नामांकन की प्रक्रिया 21 अक्टूबर से प्रारंभ हो चुकी है। इसी क्रम में बुधवार को 2 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र भरे गए। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 53 मलहरा से आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से मनोज यादव और निर्दलीय करन सिंह लोधी ने नाम निर्देशन पत्र भरा है। आज दिनांक तक नाम निर्देशन पत्र भरने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 8 हो चुकी है।

जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र महाराजपुर, चंदला, राजनगर, छतरपुर एवं बिजावर से बुधवार को किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र नहीं भरा गया।

### साइकिल सवार को 4 पहिया वाहन ने मारी टक्कर, किशोर घायल

**छतरपुर, देशबन्धु।** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बारी निवासी 14 वर्षीय सुमित यादव पिता हरि यादव गांव से खेत की ओर जा रहा था तभी सड़क पार करते समय चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे सुमित यादव बुरी तरह घायल हो गया जिसे एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं वाहन को पुलिस ने जब्त कर थाने में रखवाया है। दुर्घटना में सुमित को गंभीर चोटें आयीं हैं उसके दोनों पैर टूट गए हैं।

### महिला ने किया कीटनाशक का सेवन

**छतरपुर, देशबन्धु।** सटई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नैगुवां की एक महिला ने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजनों की मदद से महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

महिला के ससुर तिलगु ने बताया कि महिला ऊषा बीते रोज ही मायके से ससुराल आयी थी उसने कीटनाशक दवा का सेवन क्यों किया इसके बारे में परिवार के लोगों को कुछ पता नहीं है। महिला की हालत बिगडने् पर उसे जिला अस्पताल लाए जहां उसका इलाज जारी है।

### महाराजपुर में नाराज भाजपाईयों ने बनाई रणनीति

# टीकाराजा के खिलाफ सांसद प्रतिनिधि धीरेन्द्र नायक मैदान में उतरेंगे

- मंदिर में रूठे भाजपाईयों ने तय किया अपना प्रत्याशी



**छतरपुर, देशबन्धु।** पिछले एक महीने से निरंतर महाराजपुर विधानसभा सीट पर भाजपा द्वारा घोषित प्रत्याशी कामाख्या प्रताप सिंह उर्फ टीकाराजा का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। उनकी ही पार्टी के लगभग 50 छोटे-बड़े नेता इस सीट पर प्रत्याशी को बदलने के लिए भोपाल से लेकर दिल्ली तक मांग कर चुके हैं जब वरिष्ठ नेताओं ने इन नाराज भाजपा नेताओं की पीड़ा नहीं सुनी तो अब इस सीट पर भाजपा में बगावत की रणनीति बन चुकी है। बीते रोज गढ़ीमलहरा के बगराजन माता मंदिर में एक साथ बैठे सभी नाराज भाजपा नेताओं ने टीकाराजा के खिलाफ मैदान में उतरने का फैसला कर लिया है। इन नाराज भाजपा नेताओं की ओर से सांसद प्रतिनिधि और वरिष्ठ भाजपा नेता धीरेन्द्र नायक मैदान में उतरेंगे।

धीरेन्द्र नायक ने बताया कि पार्टी लगातार नजरअंदाज कर रही है इसलिए अब निर्णय लिया गया है कि हमें अपने क्षेत्र को बचाने के लिए अपने नेतृत्व को मैदान में उतारना पड़ेगा। बगराजन माता मंदिर में स्थानीय भाजपा नेताओं ने तय किया है कि क्षेत्र की जनता की मांग पर मैं चुनाव के मैदान में उतरूंगा। गुरूवार को हम सभी मुहूर्त का नामांकन पत्र भरेंगे।

इसके बाद एक दूसरा नामांकन पत्र भी दाखिल किया जाएगा। धीरेन्द्र नायक ने कहा कि हम न तो भाजपा से बगावत कर रहे हैं और न ही पार्टी को इस्तीफा दे रहे हैं। हम चुनाव के लिए दो फार्म भरेंगे। एक फार्म भाजपा की ओर से भरेंगे जबकि दूसरा निर्दलीय तौर पर भरेंगे। यदि पार्टी ने समय रहते प्रत्याशी बदल दिया तो हम भाजपा से चुनाव लड़ेंगे और यदि प्रत्याशी नहीं बदला तो निर्दलीय तौर पर मैदान में उतरेंगे। धीरेन्द्र नायक ने कहा कि पार्टी ने टीकाराजा को टिकिट देकर क्षेत्र के भाजपा नेताओं और जनता के साथ अन्याय किया है।

हमें कोई आपत्ति नहीं थी यदि पार्टी टीकाराजा के पिता मानवेन्द्र सिंह को टिकिट देती लेकिन जिस व्यक्ति ने पार्टी के लिए कोई काम नहीं किया, क्षेत्र में किसी से संपर्क नहीं किया उस व्यक्ति को टिकिट देना सरासर अन्याय है। हम लोग इसी बात का विरोध कर रहे हैं।

गढ़ीमलहरा के बगराजन माता मंदिर में हुई इस बैठक में धीरेन्द्र नायक के साथ अन्य नाराज भाजपा नेता के रूप में वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र चौरसिया, हरसू महाराज, अवनीन्द्र पटैरिया, मणिकांत चौरसिया, लोकेन्द्र सिंह लहदरा सहित 50 से अधिक भाजपा नेता मौजूद रहे।

# पशुपालन के नाम पर बैंक से निकाल लिया फर्जी लोन



- अब वसूली के लिए दी जा रही धमकी, एसपी से शिकायत

**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर जिले में एक किसान के नाम पर बैंक से फर्जी लोन निकाले जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में किसान ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए जांच की मांग की है।

शिकायतकर्ता रतनलाल पटेल निवासी ग्राम दीवानजू पुरवा ने बताया कि उसके घर में पिछले दिनों डाक के माध्यम से एक पत्र आया जिसमें कहा गया कि उसे पशुपालन के नाम पर किसान क्रेडिट के माध्यम से लिया गया एक लाख 17 हजार रूपए का लोन चुकाना है। यह लोन भारतीय स्टेट बैंक की महाराजपुर शाखा से लिया गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने किसी भी प्रकार का कोई लोन लिया ही नहीं है।

यह लोन पूर्व शाखा प्रबंधक बीके चौधरी के द्वारा अपने दलालों के माध्यम से षडयंत्रपूर्वक निकाला गया है। बीती रात रतनलाल पटेल के घर राहुल कौशिक, दीपक दीक्षित एवं भान प्रताप पाठक पहुंचे और इन्होंने रतनलाल पटेल को धमकाने की कोशिश की और कहा कि जल्द से जल्द अपना लोन का मामला निपटा लो।

रतनलाल ने कहा कि उसे डर है कि उसके विरूद्ध कोई बड़ी साजिश हुई है इसलिए अब वह पुलिस से इस मामले की निष्पक्ष जांच चाहता है।

### देर रात को हुआ स्टेडियम में रावण दहन

# आग की लपटों में खाक हो गया रावण का अहंकार



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर के पं.बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में आयोजित विजयादशमी समारोह के अंतर्गत देर रात करीब 11 बजे उत्साह और उल्लास के बीच रावण के पुतले का दहन किया गया। श्री अन्नपूर्णा रामलीला समिति के द्वारा बनाए गए 51 फिट ऊंचे रावण के पुतले के दहन के साथ स्टेडियम में जमकर आतिशबाजी हुई। इस मौके पर लोगों ने एक-दूसरे को दशहरे की बधाई भी दी।

पुतला दहन के पूर्व स्टेडियम में रामलीला कलाकारों ने राम और रावण के युद्ध की लीला का मंचन किया। इस मौके पर मौजूद अतिथियों ने विजयादशमी के पर्व पर अपने विचार व्यक्त किए। तदोपरांत हजारों लोगों के बीच रावण के विशालकाय पुतले का दहन किया गया।

### परिवार को नींद की दवा खिलाकर रफूचक्कर हुई महिला

**छतरपुर, देशबन्धु।** सटई थाना अंतर्गत ग्राम हिम्मतपुरा की रहने वाली एक महिला ने बीती रात अपने परिवार के सदस्यों को खाने में नींद की दवा खिला दी सबके सोने के बाद वह घर से कहीं चल गई। जानकारी के अनुसार राजू अहिरवार ने बताया कि उसकी पत्नि अनीता अहिरवार ने बच्चों को पहले खाना खिला दिया। इसके बाद अनीता ने खाने में नींद की दवा मिलाकर राजू अहिरवार, चेपू अहिरवार, पानबाई अहिरवार को खिला दिया। जिससे वे सभी सो गए और अनीता रात में घर से कहीं चली गई। राजू ने बताया कि सुबह उन सभी की हालत खराब होने पर पड़रिया चौकी में सूचना दी और लोगों की मदद से उसे एवं उसके माता-पिता को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।

### युवक के साथ चचेरे भाई और चाचा ने कर दी मारपीट

**छतरपुर, देशबन्धु।** ओरछा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कालापानी के रहने वाले युवक के साथ उसके ही चाचा और चचेरे भाई ने पैसों के लेनदेन को लेकर बुरी तरह मारपीट कर दिया जिससे युवक घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ओरछा रोड थाना के ग्राम कालापानी में रहने वाले रविन्द्र पटेल के साथ उनके ही चाचा के लड़के आशीष पटेल और चाचा राकेश पटेल ने मारपीट कर दी। रविन्द्र ने बताया कि उसने चाचा से खर्च के लिए पैसे मांगे तो उसके साथ मारपीट कर दी। युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### जनसंपर्क कर व्यापारियों को दी दशहरे की बधाई

# कांग्रेस प्रत्याशी ने किया बाजार क्षेत्र का भ्रमण



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया के द्वारा निरंतर अपने विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए हर वर्ग के लोगों को कांग्रेस से जोडने् के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने बुधवार को नगर के गल्लामण्डी, रामगली बजरिया, चौक बाजार, गोवर्धन टॉकीज क्षेत्र, शुक्लाना मोहल्ला आदि का भ्रमण करते हुए घर-घर जाकर जनता से आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर विधायक आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि हमें उधार खाना नहीं,दबाव बनाना नहीं, जमीन छुड़ाना नहीं। ये सभी काम आपके इस सेवक ने कभी नही किये। बल्कि हमेशा व्यापारियों की समस्या के समय उनके साथ खड़ा रहा। घर में घुसकर राजनीति नही की। सिर्फ पार्टी के नाम पर गुमराह करके वोट नही मांगे। हम खुद जीवन में व्यापार से जुड़े रहे इसलिए व्यापारियों का दुख दर्द अच्छे से समझते हैं।

जिस तरह पिछले चुनाव में छतरपुर के व्यापारी समाज ने अपने इस सेवक पर भरोसा जताया था उसी तरह इस बार भी अपने इस सेवक को विधानसभा भेजकर मजबूत बनाएं। मैं वचन देता हूँ। हमेशा आपकी लड़ाई लड़ूंगा।कोई आप पर जुल्म और अत्याचार करने की सोच भी नही पायेगा। आपको गुमराह करने वाले आएंगे और फिर कमीशनखोरी के लिए पांच साल राजनीति करेंगे। उन्होंने कहा कि छतरपुर विधानसभा की जनता को पार्टी, जाति, धर्म से ऊपर उठकर सेवा और परोपकार की राजनीति को अपना आशीर्वाद देना है। इस मौके पर व्यापारियों ने भी विधायक का जगह-जगह स्वागत किया। एक-दूसरे को पान खिलाकर दशहरे की बधाई, शुभकामनाएं दी गईं।

### समय पर नहीं मिला इलाज, युवक की दर्दनाक मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के चंदला विधानसभा क्षेत्र में आज भी स्वास्थ्य सेवाएं धराशायी हैं। बीते रोज यहां समय पर डॉक्टर न मिलने के कारण 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक का नाम देशराज राजपूत तनय रामसिंह राजपूत है।



जानकारी के मुताबिक चंदला निवासी देशराज राजपूत बीते रोज अज्ञात कारणों के चलते दोपहर के समय अचानक सल्फास खाकर चंदला प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचा जब देशराज राजपूत के परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे तब अस्पताल में पदस्थ डॉ. राहुल अहिरवार यहां नहीं मिले जिसके कारण उसे समय पर इलाज नहीं मिल सका।

आनन-फानन में उसे लवकुशनगर अस्पताल रेफर किया गया। हालत बिगडने् के बाद उसे लवकुशनगर से जिला अस्पताल रेफर किया गया लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। लवकुशनगर स्वास्थ्य केन्द्र में युवक का पीएम कराया गया।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेले छतरपुर के खिलाड़ी

# 12 बालिकाओं ने बेसबॉल में गाड़े झण्डे



**छतरपुर, देशबन्धु।** बेसबॉल एसोसिएशन के सचिव एवं कोच मानसिंह ने बताया कि 67वीं राज्य स्तरीय शालेय बेसबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 16 से 20 अक्टूबर 23 तक मंदसौर जिले में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किया गया।

इस राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के सभी संभागों ने सहभागिता की राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में सागर संभाग की 14 वर्ष बालक /बालिका वर्ग की टीम ने सहभागिता की। बालिका वर्ग की टीम ने खेल का अच्छा प्रदर्शन करते हुए हार्ड लाइन मुकाबले में भोपाल संभाग को हराकर इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर रहकर रजत पदक प्राप्त किया। सागर संभाग की 14 वर्ष बालिका वर्ग की टीम में छतरपुर नगर के 16 बालिकाओं ने सहभागिता की। सागर संभाग की टीम में 12 बालिकाएं शासकीय सीएम राइस स्कूल छतरपुर की थी। बालिका वर्ग की टीम में छतरपुर नगर की पूर्वंशी द्विवेदी, निकिता कुशवाहा, आकृति सतनामी, राधा शर्मा, उर्मिला अहिरवार, प्रशंसा साहू, अनुकृति सतनामी, आराध्या मिश्रा, समीक्षा सेन, दीपिका कुशवाहा, मानसी राजा बुंदेला, सौम्या ताम्रकार ने सागर संभाग की बेसबॉल टीम में सहभागिता की और खेल का अच्छा प्रदर्शन किया।

इन सभी बेसबॉल के राज्य स्तरीय खिलाडि़यों को जिला शिक्षा अधिकारी एमके कोटार्य ,जिला कीड़ा अधिकारी श्रीकांत द्विवेदी, प्रशांत त्रिवेदी, जिले के व्यायाम शिक्षक बृजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, रामकृष्ण जाटव, भारत भूषण सिंह, जीतेन्द्र सिंह, पंकज शुक्ला, सत्यशोधन आश्रम के संचालक देवेंद्र भंडारी, बेसबॉल के सीनियर खिलाड़ी धीरज चौबे, शैलेंद्र असाटी, सनत नागर एवं सभी खेल प्रेमियों ने बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भक्तों ने मां को दी अंतिम विदाई, धसान नदी में हुआ विसर्जन



**घुवारा, देशबन्धु।** नवरात्रि में बीते 9 दिनों से विराजमान माता को भक्तों ने अंतिम विदाई दी। मां दुर्गा की झांकियों का चल समारोह निकालकर उन्हें धसान नदी में विसर्जन किया। यह झांकिया नगर के विभिन्न रास्तों से होती हुई विसर्जन स्थल पहुंची। शोभायात्रा में भक्ति गीतों के बीच बड़ी संख्या में युवा और महिला सहित सभी लोग शामिल हुए। इस दौरान जहां उल्लासपूर्वक पर्व में श्रद्धालु शामिल हुए वहीं, विसर्जन के लिए जिम्मेदार तय किए गए अधिकारियों में उदासीनता देखी गई।

दरअसल प्रशासन द्वारा शांति व किसी अप्रिय घटना न हो जिसके लिए स्थानीय राजस्व विभाग पुलिस विभाग सहित नगरीय प्रशासन की ड्यूटी लगाई थी। जिस पर राजस्व विभाग से राजस्व विभाग से राजस्व निरीक्षक सुरेश रावत और पटवारी को धसान नदी के घाट पर जिम्मेदारी पूर्वक यहां मूर्तियों का विसर्जन कराया जाना था, लेकिन राजस्व निरीक्षक अपनी जिम्मेदारी को दरकिनार करते हुए अपने पटवारी के साथ घाट से काफी दूर गप्पे लगाते हुए देखे गए। अपनी जिम्मेदारी से बेरूख ऐसे कर्मचारियों पर पर लोगों ने सवाल खड़े किए हैं।

#### इनका कहना है

अगर राजस्व निरीक्षक की घाट पर ड्यूटी लगी हुई है, और वह अपने कार्य के प्रति संवेदनशील नहीं है तो मैं इस बात की अभी जानकारी लेता हूं।

**संदीप जी आर**, कलेक्टर छतरपुर

### मामूली विवाद पर युवक के साथ मारपीट

**छतरपुर, देशबन्धु।** गुलगंज थाना क्षेत्र के डिकोली तिराहे के समीप रहने वाले शोएब पिता महबूब खान ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत की है कि गुलगंज थाना पुलिस के द्वारा उसके साथ की गई मारपीट का न्याय नहीं किया जा रहा है। शिकायत में बताया गया है कि वह 23 अक्टूबर 23 को अरविंद विश्वकर्मा की दुकान पर समोसा खाने गया था यहीं पर आरोपी अरविंद लुहार, सत्यम तिवारी, अरविंद विश्वकर्मा और हरिशंकर बढ़ई ने मारपीट कर दी।

# देवी प्रतिमाओं का हुआ धूम-धाम से विसर्जन



**लवकुशनगर, देशबन्धु।** नवरात्रि के पावन पर्व में नगर एवं क्षेत्र में जगह जगह देवी प्रतिमाये स्थापित की गई थी जिसमें 9 दिन विधिवत् पूजा अर्चना के साथ भजन संख्या का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विजयादशमी पर्व के दौरान नगर एवं क्षेत्र की देवी प्रतिमाओ का विसर्जन किया गया। देवी प्रतिमाओ का विसर्जन नगर के समीप संजयनगर उर्मिल नदी में किया गया। उर्मिल नदी में नगर परिषद के द्वारा विधिवत् रुप से पण्डाल, लाईट आदि की ब्यवस्था रही।

पुलिस प्राशासन भी चुस्त दिखाई दिया जगह जगह पुलिस व्यवस्था रही। देवी प्रतिमाओ का विसर्जन बड़ी सावधानी पूर्वक किया गया। नगर एवं क्षेत्र में करीब 1 सैकड़ा से अधिक नवरात्रि में देवी माँ के पण्डाल सजे रहे। नगर के ब्लाक कॉलोनी में प्रेम कॉलोनी में देवी पण्डाल में बच्चो के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रमो की प्रस्तुती दी गई।

### 15 साल पहले बनी थी योजना, आज तक नहीं मिला पानी

# नैनागिर में नल के जल को तरस रहे ग्रामीण

**बक्सवाहा, देशबन्धु।** समूचा बुंदेलखंड भीषण जल संकट का शिकार है। ग्रामीण इलाकों में पानी की कमी के चलते स्थितियां ठीक नहीं है। जल संकट के चलते ग्रामीण परेशान होते हैं। हालांकि इस समस्या से निपटने के लिए सरकारों ने तमाम योजनाओं के माध्यम से प्रयास तो किये लेकिन आशाजनक परिणाम साबित नहीं हुये है। ताजा मामला छतरपुर जिले के बक्सवाहा जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत प्रसिद्ध जैन तीर्थ नैनागिर पंचायत का है जहां नल जल योजना का क्रियान्वयन सुचारू रूप से नहीं हो पाया है। फ़िलहाल योजना ठप्प है और स्थानीय परेशान हैं।

#### स्थानीय लोगों ने बताई समस्या

नैनागिर के निवासी राहुल ने बताया कि हमारे घर तक अभी नलजल योजना का पानी नहीं पहुँच रहा है. जबकि 02 किलोमीटर दूर स्थित नजदीकी ग्राम खिरिया में लोगों को नल जल योजना का लाभ मिल रहा है। हमें पानी उपलब्ध ना हो पाने से हम परेशान हैं। वहीं संजय विश्वकर्मा बताते हैं कि खिरिया गांव तक पानी आता है. लोगों को जल मिलता है जबकि खिरिया गांव से नैनागिर तक अभी पाईप लाईन ही नहीं डाली गई है ।और इसके पहले नैनागिर में 10-15 साल पहले पानी के लिए जो योजना शुरू हुई थी वह तभी ठप्प हो चुकी थी।

#### धर्म नगरी है नैनागिर

उल्लेखनीय है कि नैनागिर जैन धर्म का प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र है. जिस कारण से इधर प्रतिदिन श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। और महत्वपूर्ण बात यह है कि 04 दिसंबर से 10 दिसंबर नैनागिर में श्री 1008 मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है. ऐसे में इतने बड़े आयोजन के दौरान जल की पूर्ण आपूर्ति ना हो पाने से समस्या निर्मित हो सकती है।

#### इनका कहना है

खिरिया से नैनागिर के बीच में कुछ हिस्सा वनभूमि पड़ रहा है जिस कारण से पाईप लाइन डालने में समस्या उत्पन्न हो रही। हमें इसकी परमिशन का इंतजार है. परमिशन मिलते ही पाईप लाइन डाली जाएगी।

**एस. के. शर्मा,** असिस्टेंट मैनेजर

मामला आपके द्वारा संज्ञान में आया है, संबंधित ठेकेदार से बात करके जल्द जल आपूर्ति का उपाय करते हैं।

**भरत पांडेय,** तहसीलदार बक्सवाहा

देशबन्धु

सागर, गुरुवार 26 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## मणिपुर त्रासदी से 'व्यथित' मोहन भागवत

उत्तर पूर्वी राज्य मणिपुर में हुए मैतेई-कुकी संघर्ष से उत्पन्न त्रासदी से लोग बहुत व्यथित हुए थे। इस साल के मई महीने से जारी साम्प्रदायिक दंगों में सैकड़ों मारे गये हैं, हजारों बेघर हुए हैं, अनेक पूजा स्थलों को नुकसान पहुंचा और करोड़ों रुपयों की सम्पत्ति नष्ट हुई है। इसने पूरे देश को ही नहीं वरन दुनिया भर को हिलाकर रख दिया था। अनेक देशों में भी इन दंगों की गूंज सुनाई दी थी। विश्व भर के कई अखबारों ने इस घटना को विस्तार से छापा था। इसके बावजूद इस घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी खामोश रही, उसके नेता खामोश रहे। केन्द्र सरकार मौन थी और मणिपुर सरकार ने भी इस घटनाक्रम को दबाये रखा था। 3 मई का अगर वह वीडियो वायरल न होता तो शायद यह पूरा का पूरा घटनाक्रम दफ्न कर दिया जाता, जिसमें दो कुकी महिलाओं को नग्न कर उनकी परेड निकाली गई थी। उसके पहले उनका उत्पीड़न हुआ था। मीडिया से दूर भागने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी संसद के विशेष सत्र के पहले संक्षिप्त बयान संसद भवन के बाहर देना पड़ा था, क्योंकि इसका संज्ञान स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने लिया था। मोदी ने दुख भरे स्वरों में कहा कि इस घटना से उन्हें बहुत पीड़ा पहुंची है।

और भी जिन लोगों को इस घटना से पीड़ा पहुंची, उनमें अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का नाम भी शामिल हो गया है। विजयादशमी को अपना परम्परागत भाषण देते हुए भागवत ने 'इस घटना के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ' बताया। साथ ही उन्होंने केन्द्र सरकार की असफलता को एक तरह से कबूल करते हुए कहा कि 'गृह मंत्री अमित शाह को वहां जाना चाहिये, मंत्रियों को जाकर बैठना चाहिये।' मणिपुर की घटना को उन्होंने भारत की अखंडता और एकता से भी जोड़ दिया। सम्भव है कि इस बयान के पीछे लोगों को भागवत की सदाशयता, दंगा पीड़ितों के प्रति सहानुभूति या प्रेम भाव दिखे परन्तु उनके इस बयान की तह में जाने की आवश्यकता है तभी इसकी विसंगतियां और संघ प्रमुख की मंशा साफ होगी।

पहली बात तो यह है कि स्वयं भागवत को इस बात का जवाब देना चाहिये कि उन्हें इतने दिनों के बाद इस घटना की याद क्यों आई और उन्हें यह क्योंकर महसूस हुआ कि शाह एवं अन्य मंत्रियों को वहां जाना चाहिये? क्या इस घटना की जानकारी संघ प्रमुख को अब जाकर हुई है? सच तो यह है कि यह निर्देश उन्हें आज से 2 माह पहले देना चाहिये था जब यह घटना जगजाहिर हुई थी। अगर उनके कहे के बाद भी सरकार का कोई नुमाईंदा वहां नहीं जाता तो स्वयं भागवत को वहां जाना चाहिये था और पीड़ितों से मिलना चाहिये था। आदिवासियों के प्रति प्रेम दिखलाने वाले और संघ के मुखिया होने के नाते उन्हें अपने कार्यकर्ताओं को भी निर्देश देना था कि वे वहां जाकर पीड़ितों की सेवा करें। भागवत के मौन रहने का कारण सम्भवत: यही है क्योंकि वहां के संघर्ष में ज्यादातर कुकी ही पीड़ित हैं जो कि ईसाई समुदाय के हैं और उत्पीड़क मैतेई हिन्दू। यह स्थिति संघ के सामाजिक एवं भाजपा के राजनैतिक एजेंडे के एकदम मुफ़ीद है जिसके माध्यम से उनका साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का लक्ष्य सधता है।

दूसरे, इस पर भी गौर करना चाहिये कि यह बयान वैसे तो संघ के सालाना जलसे में दिया गया है पर उसके पीछे एक कारण यह भी साफ दिखता है कि अगले माह होने जा रहे 5 राज्यों (राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम) के विधानसभा चुनावों में भाजपा की हालत बहुत नाज़ुक है। भाजपा का नफ़रती एवं विभाजनकारी एजेंडा लोगों के सामने बहुत स्पष्ट हो गया है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के चुनावों में भाजपा को मिली पराजयों के बाद अगर इन राज्यों में उसकी स्थिति ठीक रहती तो शायद संघ व भाजपा उस एजेंडे को आगे बढ़ाते परन्तु सम्भवतया संघ को अब एहसास हो गया होगा कि उस पिच पर लम्बी पारी खेलना बहुत मुश्किल है; जीतना तो और भी दूर की बात है।

विदेशी शक्तियों का उल्लेख कर भागवत अपनी सरकार को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। अगर ऐसा है तो इसकी जिम्मेदार भी मोदी सरकार की है। फिर, केन्द्र के साथ मणिपुर में भी तो उन्हीं की यानी कि भाजपा की सरकार है। जिस तरह से अब तक भाजपा के नेता डबल इंजिन की सरकारों को महिमा मंडित करते आये हैं, तो भागवत को स्वीकार करना चाहिये कि दोनों ही इंजिन नाकाम साबित हुए हैं और अब इन्हें बदलने की ज़रूरत है। याद हो कि सीमावर्ती राज्यों में होने वाली घुसपैठ पर यही आरएसएस और ये ही नेता विपक्षी सरकारों-दलों को पानी पी-पीकर कोसते थे। उनका आरोप होता था कि बाहरी तत्व गैर भाजपायी केन्द्र-राज्यों की सरकारों की सांठगांठ से भारत आकर गड़बड़ियां करते हैं। भागवत आज क्या कहेंगे? उम्मीद है कि संघ अब समस्या की गहनता से वाकिफ़ हो चुके होंगे।

इस बयान का कारण संघ प्रमुख की यह चिंता भी हो सकती है कि इन पांच राज्यों के चुनावों के परिणामों का असर, जो 3 दिसम्बर को घोषित होंगे, 2024 के लोकसभा चुनावों पर पड़ना तय है। इन राज्यों के साथ आगामी लोकसभा चुनावों के तमाम सर्वे जिस तरह के परिणामों का अनुमान लगा रहे हैं, संघ प्रमुख का चिंतित होना लाजिमी है। कोई यह न समझे कि भागवत का बयान सदाशयता व समरसता के लिये या फिर वाकई देश की अखंडता-एकता को उत्पन्न कथित खतरे की चिंता में दिया गया है। इसके सामाजिक नहीं वरन राजनैतिक निहितार्थ हैं।

# जंग की आग में फिल्म का प्रचार

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

अपनी फिल्म के प्रमोशन के चक्कर में अभिनेत्री कंगना रनौत ने देश के लिए अजीबोगरीब स्थिति पैदा कर दी है। दुनिया के सामने भारत को लगभग शर्मिंदा करने के हालात बना दिए हैं। दरअसल कंगना रनौत की फिल्म तेजस इस शुक्रवार को प्रदर्शित होने वाली है। मार्केटिंग के युग में फिल्में भी बिना प्रचार-प्रसार और प्रमोशन के नहीं चलती हैं। पहले फिल्म के वितरक और जिन सिनेमाघरों में फिल्में लगती थीं, उनके मालिकान लाउडस्पीकर को कस्बों-शहरों में घुमाकर नयी फिल्म के आने की जानकारी दे दिया करते थे। प्रदर्शन से पहले फिल्मों के लुभावने पोस्टर शहर भर में टंग जाया करते थे। लेकिन अब सोशल मीडिया का जमाना है, जहां अलग-अलग प्लेटफार्म्स पर जाकर अभिनेता-अभिनेत्रियां अपनी फिल्मों, वेब सीरीज या धारावाहिकों की जानकारियां दिया करते हैं, इसके अलावा कभी मॉल्स तो कभी बाजारों में खुद जाकर अपनी फिल्म के बारे में जानकारी देते हैं। चूंकि कंगना की फिल्म दशहरे के मौके पर आ रही थी तो रामलीला का मंच भी फिल्म के प्रचार के लिए इस्तेमाल हो गया। दशहरे पर राम और रावण दो ही मुख्य किरदार होते हैं, तो कंगना ने लगे हाथ रावण को मौजूदा वैश्विक हालात से जोड़कर बता दिया कि वो किसे राम मानती हैं।

कंगना रनौत ने इजरायल और फिलिस्तीन के बीच चल रही विनाशकारी जंग में हमास को आधुनिक रावण बता दिया है। दरअसल कंगना रनौत ने नयी दिल्ली में इजरायली राजदूत नाओर गिलोन से मुलाकात की है। जिसकी फोटो उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट और ट्विटर पर शेयर की हैं। कंगना ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा कि 'आज पूरी दुनिया, ख़ासकर इज़रायल और भारत आतंकवाद के खिलाफ अपनी जंग लड़ रहे हैं। कल जब मैं रावण दहन करने दिल्ली पहुंची, तो मुझे लगा कि इजरायली एम्बेसी आकर उन लोगों से मिलना चाहिए जो आज के आधुनिक रावण हमास जैसे आतंकवादियों को परास्त कर रहे हैं। जिस प्रकार से छोटे बच्चों को, महिलाओं को निशाना बनाया जा रहा हैं, ये दिल को झकझोर देने वाला है। मुझे पूरी उम्मीद हैं आतंकवाद के ख़िलाफ इस युद्ध में इज़रायल विजयी होगा।

वैसे ये पहली बार नहीं है, जब कंगना ने इजरायल के समर्थन में इस तरह बयान दिया। हमास के हमले के बाद भी उन्होंने इजरायल के साथ अपनी सहानुभूति दर्शाई थी। दरअसल कंगना रनौत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नक्शेकदमों पर ही हैं। श्री मोदी ने भी सबसे पहले इजरायल के समर्थन में बयान दिया था और फिलिस्तीन के लिए कुछ नहीं कहा था। दुनिया में इससे सही संदेश नहीं गया, ये बात जैसे ही विदेश मंत्रालय को समझ आई, उसने भूल सुधार करते हुए पांच दिन बाद बयान दे दिया कि भारत शांति के पक्ष में है और फिलिस्तीन को उसका हक मिलने का समर्थन करता है। प्रधानमंत्री के बयान पर तो भूल-चूक माफ वाले अंदाज में काम हो गया। लेकिन अब कंगना रनौत के बयान को कैसे संभाला जाएगा। वैसे तो स्वतंत्र देश की स्वतंत्र नागरिक होने के नाते कंगना रनौत को पूरा हक है कि वे अपनी राय बेरोकटोक जाहिर कर सकें। मगर ये सारी बातें उन्होंने इजरायली राजदूत से मुलाकात के बाद कही हैं। इसके बाद दुनिया में सवाल उठ सकते हैं कि आखिर भारत का पक्ष क्या है। वैसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत ने फिर दोहराया है कि वह फिलिस्तीन को मदद भेजना जारी रखेगा और उसके साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने पर काम करता रहेगा। लेकिन घरेलू मोर्चे पर फिल्म के प्रमोशन के लिए एक गंभीर अंतरराष्ट्रीय मसले को जिस तरह घसीटा गया है, वह किसी लिहाज से सही नहीं है। कंगना रनौत ने भले ही भाजपा की निगाह में चढ़ने के लिए, सरकार को अंध समर्थन देने के लिए इस तरह का बयान दिया हो, लेकिन असल में इससे देश की किरकिरी होने के आसार ही बने हैं। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते भी कंगना से ये सवाल किया जा सकता है कि जब उन्हें इजरायली महिलाओं और बच्चों पर हमास के अत्याचार दिखे हैं और उनका दिल इससे टूटा है, तो क्या उन्हें फिलिस्तीनी बच्चों और वहां के निर्दोष नागरिकों की चीख-पुकार से जरा भी फर्क भी नहीं पड़ा। जिस तरह इजरायल फिलिस्तीन में राहत शिविरों, अस्पतालों, मस्जिदों, चर्च को निशाना बना रहा है, सैकड़ों बच्चों को मारा जा चुका है, क्या ये सब देखकर कंगना रनौत का दिल नहीं टूटता। हमास को रावण कह देना और उसके खात्मे की कामना करना, एक जटिल मुद्दे का अतिसरलीकरण है।

भारत में प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर फाइल्स, केरला स्टोरीज और वैक्सीन वॉर जैसी फिल्मों का प्रमोशन चुनावी मंचों से किया, यहां तक तो ठीक था, लेकिन आश्चर्य की बात ये है कि अब इजरायली राजदूत को भी फिल्म प्रमोशन के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसी घटनाओं से वैश्विक मंच पर भारत की कैसी छवि बनेगी, ये विचारणीय है।

कंगना रनौत चाहे जितने तरीकों से अपनी फिल्म का प्रचार कर लें, लेकिन कम से कम उन्हें जंग की आग में अपनी फिल्म को चमकाने की कोशिश नहीं करना चाहिए थी। वैसे भी इस बार दशहरे पर उन्होंने इतिहास रच ही दिया है। दिल्ली की लवकुश रामलीला में इस बार कंगना ने रावण के पुतले पर तीर चलाए। ये और बात है कि तीन बार की कोशिश के बाद भी जब उनसे तीर नहीं चला तो रामलीला कमेटी के ही एक सदस्य ने उनकी मदद की। इस वजह से सोशल मीडिया पर कंगना रनौत का खूब मजाक भी उड़ रहा है। अब कंगना कोई पेशेवर तीरंदाज तो हैं नहीं जो उनसे तीर चलाया जाएगा, इसलिए उनका इस वजह से मजाक उड़ाना सही नहीं है। लेकिन फिर भी लोगों ने उन पर फब्तियां कसने का मौका इसलिए नहीं छोड़ा क्योंकि कंगना रनौत सुर्खियों में बने रहने के लिए जिस तरह की बयानबाजी करती हैं, उसमें उनका पक्षपात, हिंदुत्व और राष्ट्रवाद को बढ़ाने का उन्माद साफ झलकता है। कंगना किसी न किसी मोदी सरकार के एजेंडे को आगे बढ़ाने में लगी रहती हैं, बल्कि कई बार चापलूसी करती दिखती हैं। कल भी रावण दहन के दौरान कंगना रनौत ने जय श्रीराम के नारे लगाए और कहा कि भगवान राम सबसे बड़े हीरो हैं, और उनके जैसा न तो कोई था और ना ही कोई होगा। मर्यादा पुरुषोत्तम कहे जाने वाले भगवान राम पर कंगना ही नहीं इस देश के बहुसंख्यक समाज की आस्था है। लेकिन सवाल ये है कि वो कौन से राम हैं, जिन्हें कंगना अपना हीरो बता रही हैं। क्या ये वो राम हैं, जिनके नाम का इस्तेमाल कर भाजपा ने सत्ता का सफर तय किया है, या फिर ये गंगा-जमुनी संस्कृति वाले राम हैं, जिनके नाम से पहले लोग सीता का नाम लेते हुए जय सियाराम का अभिवादन करते रहे हैं।

कंगना रनौत को कल लवकुश रामलीला में बतौर महिला रावण पर तीर चलाने का मौका मिला तो इस इतिहास को रचने के साथ-साथ वे मिसाल भी कायम कर सकती थीं। जय श्रीराम के साथ वे जय सियाराम भी कह सकती थीं। स्त्रीशक्ति को दिखाते हुए बिल्किस बानो से लेकर महिला पहलवानों, मणिपुर की महिलाओं और उज्जैन की नाबालिग बच्ची जैसे कई मामलों में इंसाफ की आवाज बुलंद रामलीला के मंच से कर सकती थीं। हमास के लिए उन्हें आधुनिक रावण की संज्ञा याद आई, लेकिन अपने देश में अलग-अलग किरदारों के पीछे छिपे रावणों को कंगना ने बड़ी आसानी से अनदेखा कर दिया। दरअसल कंगना या उनकी तरह के सुविधापरस्त लोगों से ऐसी कोई भी उम्मीद रखना बेवकूफी ही है। उनके एजेंडे में भारत के आधुनिक रावणों का जिक्र करना शामिल ही नहीं है, क्योंकि इससे उनकी फिल्म को कोई फायदा नहीं मिलता।

भारत में प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर फाइल्स, केरला स्टोरीज और वैक्सीन वॉर जैसी फिल्मों का प्रमोशन चुनावी मंचों से किया, यहां तक तो ठीक था, लेकिन आश्चर्य की बात ये है कि अब इजरायली राजदूत को भी फिल्म प्रमोशन के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसी घटनाओं से वैश्विक मंच पर भारत की कैसी छवि बनेगी, ये विचारणीय है।

# मिजोरम विधानसभा चुनाव पर मणिपुर हिंसा की छाया

■ सुशील कुट्टी

2018 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस हार गई थी और अब वह वापसी की उम्मीद लगाये बैठी है। हालांकि, सत्तारूढ़ मिज़ो नेशनल फ्रंट और विपक्षी ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट ने उम्मीद नहीं छोड़ी है। मिजोरम में भाजपा को पड़ोसी राज्य मणिपुर में हो रही घिनौनी घटनाओं से जूझना पड़ रहा है। एमएनएफ का नेतृत्व मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा कर रहे हैं और मिज़ो शांति समझौते पर हस्ताक्षर के बाद से एमएनएफ और कांग्रेस ने क्रमश: तीन और चार बार सत्ता संभाली है। एमएनएफ खुद को सत्ता में बनाये रखने के लिए लोगों के उत्थान के लिए अच्छे प्रशासन और सरकारी संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन के अपने रिकॉर्ड पर भरोसा कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए मणिपुर हिंसा मिज़ोरम में सिरदर्द बन गया है। मिजोरम में 7 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मणिपुर में अप्रिय घटनाओं के बावजूद राज्य में प्रचार करना होगा। प्रधानमंत्री से प्रेस वार्ता आयोजित करने की उम्मीद बहुत ज्यादा होगी। प्रधानमंत्री मोदी हस्तक्षेप करने वाले प्रेस से घिरे हुए मंच के ऊपर दूर पर ही होंगे।

निवर्तमान विधानसभा में कांग्रेस के पास केवल पांच सीटें थीं, जबकि एमएनएफ और ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट संख्या में उससे आगे थे। भाजपा फिर से उभरती कांग्रेस से जूझ रही है। मिजोरम-असम सीमा विवाद और मिजोरम में नशीली दवाओं का प्रवेश दो बड़े चुनावी मुद्दे हैं, जिसमें सीमा विवाद सीधे तौर पर भाजपा और उसके असम के मुख्यमंत्री से जुड़ा है।

भाजपा के अन्य शीर्ष नेता मीडिया को संबोधित कर सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा दोनों मिजोरम में रहेंगे। प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम के मुताबिक, वह 30 अक्टूबर को ममित शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे।

इस बीच कांग्रेस नेता और वायनाड सांसद राहुल गांधी आये और चले गये। अच्छी तरह से कटी हुई दाढ़ी वाले गांधी 16 अक्टूबर को एक पदयात्रा और एक रैली के लिए मिजोरम में थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विपरीत, राहुल गांधी मीडिया का सामना करने से घबड़ाते या डरते नहीं थे।

एक चुटीले पत्रकार ने राहुल से राजनीतिक वंशवाद के बारे में पूछा और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने बिना किसी दुर्भावना के पत्रकार से प्रतिवाद किया, जिसे देखने वाला कोई भी यह प्रमाणित करेगा कि यह एक कठिन कार्य है। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है और पार्टी सभी 40सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

भारतीय जनता पार्टी 23 निर्वाचन क्षेत्रों से अपनी किस्मत आजमायेगी। भाजपा के दो स्टार प्रचारक असम के मुख्यमंत्री हिमंतविस्वा शर्मा और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा हैं। शर्मा ने विशेष रूप से 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के लिए पूर्वोत्तर में जमीन तैयार करने के लिए अपनी प्रतिष्ठा दांव पर लगा दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तीसरा कार्यकाल सुनिश्चित करना सभी भाजपा मुख्यमंत्रियों/केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के लिए जीवनरेखा है। हिमंतविस्वा शर्मा को पूर्वोत्तर में एक बड़ा आकर्षण माना जाता है। एक अन्य पूर्वोत्तर व्यक्ति, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, मिजोरम के लिए भाजपा के चुनाव प्रभारी हैं। भाजपा मिजोरम में सीटों के लिए रियांग और चकमा आदिवासियों पर भरोसा कर रही है।

भगवा पार्टी सत्ता में बने रहने के लिए सहयोगी मिजो नेशनल फ्रंट पर भरोसा कर रही है। मतदान 7 नवम्बर मंगलवार को और मतगणना रविवार को होगी। चुनाव लड़ने के लिए 174 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है, जिनमें 16 महिलाएं शामिल हैं। मिज़ो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) और मुख्य विपक्षी दल, ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम), दोनों क्षेत्रीय/राज्य संगठन हैं। कांग्रेस और भाजपा मूलत: बाहरी हैं। आम आदमी पार्टी चार सीटों पर चुनाव लड़कर अपनी घुसपैठ बनाने की कोशिश कर रही है। 174 उम्मीदवारों में से 27 'निर्दलीय' हैं।

ऐज़वाल में राहुल गांधी की पदयात्रा में हजारों कांग्रेस समर्थक और जनता शामिल हुई। कम से कम चनमारी नामक स्थान से लेकर ट्रेजरी स्क्वायर नामक स्थान तक का विस्तार गांधी परिवार की भारत जोड़ो यात्रा की याद दिलाता है। गांधी ने सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों की ओर हाथ हिलाया और कुछ लोगों से बातचीत करते हुए हाथ मिलाया। आंखों से संपर्क बनाना मतदाताओं को अपने पक्ष में करने का एक तरीका है। कांग्रेस नेता छात्रों के साथ बातचीत करने से नहीं चूके और ईसाई बहुल मिजोरम में मतदान को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं।

ऐज़वाल और लुंगलेई राज्य में दो स्थान थे जहां कांग्रेस नेता रुके थे। इसमें कोई शक नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी मिजोरम में एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हैं, जो क्रमश: भाजपा और कांग्रेस के मुख्य प्रचारक हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि जीत किसकी होती है। हालांकि, फिलहाल, दोनों पार्टियां मिजोरम पीपुल्स फोरम के साथ चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद सार्वजनिक जुलूस आयोजित नहीं करने के समझौते से बंधी हैं।

निवर्तमान विधानसभा में कांग्रेस के पास केवल पांच सीटें थीं, जबकि एमएनएफ और ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट संख्या में उससे आगे थे। भाजपा फिर से उभरती कांग्रेस से जूझ रही है। मिजोरम-असम सीमा विवाद और मिजोरम में नशीली दवाओं का प्रवेश दो बड़े चुनावी मुद्दे हैं, जिसमें सीमा विवाद सीधे तौर पर भाजपा और उसके असम के मुख्यमंत्री से जुड़ा है।

कहानी से अलग एक दिलचस्प बात यह है कि निवर्तमान विधानसभा के 35 विधायक करोड़पति थे जिनके बारे में एसोसिएशन फॉरडेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मिजोरम इलेक्शन वॉच ने बताया है। राज्य में कुल 39 विधायक थे और उनमें से कोई भी महिला नहीं थी। उन्होंने कहा कि ये 2023 के लिए चुनावी मुद्दे नहीं हैं।

पूरी संभावना है कि असम-मिजोरम सीमा विवाद तथा मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री की लगातार चुप्पी पर जनाक्रोश मिजोरम चुनाव परिणामों को प्रभावित करेंगे।

### पावन प्रसंग

## खुश रहने के लिए सकारात्मक रहें

खुशियों हर किसी के जीवन में बहार लाती है ।; इसलिए सभी अपने जीवन में खुशियां चाहते हैं और खुशी पाने के लिए कोई भी काम करना पसंद करते हैं, लेकिन मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो खुशियां आंतरिक होती हैं। बाहरी वस्तुएं एवं परिस्थितियां हमें जो खुशी देती हैं, वह अस्थायी होती है। यदि स्थायी खुशी की तलाश करनी है तो उसे अपने भीतर ही खोजना होगा, क्योंकि खुशियों का खजाना कहीं बाहर नहीं, बल्कि मनुष्य के अंदर ही छिपा होता है- उसके दृष्टिकोण में, उसके नजरिए में, उसकी समझ में और उसके संतोष में। जीवन में बहुत सी ऐसी छोटी-छोटी चीजें होती हैं, जिनसे हम खुशी हासिल कर सकते हैं और अपने अंतर्मन को पल भर के लिए खुशी से लबालब कर सकते हैं, लेकिन हम उन्हें कोई महत्व नहीं देते और अपने खुश रहने के क्षणों को गवां देते हैं।

खुशी उनसे दूर भागती है. जो हर क्षण चिंता, परेशानी व तनाव में होते हैं। ऐसे व्यक्ति खुशियों के अवसर में भी खुश नहीं रह पाते, क्योंकि वे पहले से ही नकारात्मक तत्वों से भरे रहते हैं। जैसे पानी से भरे हुए गिलास में और पानी नहीं डाला जा सकता, उसी तरह तनाव, चिंता से लबालब भरे हुए व्यक्तियों के अंदर खुशियां नहीं डाली जा सकतीं। खुशियां चाहिए तो ग्रहणशील बनना होगा। खुशियों के अवसरों को पहचानना होगा और उन्हें स्वीकारना होगा।

खुशियां मीठे पानी की तरह होती हैं। वे हमें तृप्त करती हैं। जिस तरह संसार में पानी की नदियां बहती हैं, झरने बहते हैं, तालाब होते हैं, कुएं होते हैं, उसी तरह संसार में खुशियों की भी लहरें हैं, झरने हैं। जिस तरह नदी, झरनों से पानी पीने के लिए हमें उनके समीप जाना पड़ता है, लेकिन यदि कुआं हमारे पास है तो जब चह चाहे तब हम अपनी प्यास बुझा सकते हैं, उसी प्रकार खुशियों के लिए यदि हम बाहरी स्रोतों व तत्वों पर निर्भर हैं तो हमें उनका इंतजार करना पड़ता है और यदि कुएं की तरह खुशी का स्रोत हम अपने भीतर तलाश लेते हैं तो हमें कहीं भटकना नहीं पड़ता। संत, महात्मा निश्चित तौर से खुशी के आंतरिक स्रोतों को हस्तगत कर लेते हैं, तभी तो वे दूसरों को खुशी दे पाते हैं, और स्वयं भी आनंद में रहते हैं। हम खुशी पाने के लिए क्या-क्या नहीं करते, लेकिन फिर भी हम वह खुशी हासिल नहीं कर पाते, जिसकी हमें चाह होती है, इसलिए हम अतृप्त ही रह जाते हैं। यदि खुशी मिलती भी है तो थोड़े समय के लिए, फिर हम जहां थे, वहीं खड़े रह जाते हैं। कभी-कही हम एक ही तरह की जिंदगी जीते-जीते ऊब जाते हैं, नीरस व उदास महसूस करने लगते हैं, लेकिन ऐसी जिंदगी से दुखी भी नहीं होते। येल यूनिवर्सिटी में दर्शनशास्त्र के प्राध्यापक डा. जोशुआ नॉबे का मानना है कि जब हम किसी उद्देश्य के साथ जुड़कर किसी काम में लगे रहते हैं तो हमें जिंदगी से ऊब महसूस नहीं होती, क्योंकि उद्देश्य पूरा करने में हम कभी भी एक ही तरह से कार्य नहीं करते, वरन कार्य को विभिन्न तरह से करते हैं और अपनी जिंदगी में खूबसूरत अनुभवों के रंग भरते हैं, जिनसे हमें खुशी मिलती है। लोक यह सोचते हैं कि लक्ष्य या उद्देश्य के पूरा होने पर व्यक्ति को खुशी मिलती है, लेकिन यह अधूरा सच है, क्योंकि लक्ष्य की ओर बढ़ना भी व्यक्ति को उतनी ही खुशी देता है, जितनी उसे पा लेने पर मिलती है। जब हम अपने निर्धारित कामों को पूरा कर लेते हैं, तो वे हमें खुशी देने के साथ-साथ आत्मविश्वास भी देते हैं। सही रास्ते पर चलने से भी हमें आंतरिक खुशी व सुकून मिलता है। किसी जरूरतमंद की मदद करने में भी हमें खुशी मिलती है। यदि हमें खुशी चाहिए तो जीवन में नकारात्मक तत्वों से अपना बचाव करना होगा। इसके लिए सबसे जरूरी यह है कि हम अपने दृष्टिकोण को बदलें, जीवन के सकारात्मक पहलुओं को देखना सीखें और उत्कृष्ट जीवन जीने की ओर अपने कदम बढ़ाएं।

**युग निर्माण योजना**

### आपके पत्र

## कुटिलता आखिर वैर में तब्दील हो जाती है

भारत की एक प्राचीन कहावत है- जर जोरु और जमीन जोर की नहीं तो किसी और की। इसी कहावत के आधार पर प्राचीन काल ने राजाओं, जागीरदारों, भूमिहारों तथा सम्राटों में धन लिप्सा के कारण एक दूसरे के खजाने को लूटने के लिये परस्पर लड़ाई होती थी। जो उसमें जीत जाता व लूट का माल अपने कब्जे में कर लेता था। इसी कारण राज्य लिप्सा और अपने राज्य का क्षेत्रफल बढ़ाने के लिये दो राजाओं में परस्पर युद्ध होता था।

व्यवहारिक जगत में वैर-विरोध धन के लिये, स्त्री के लिये, जमीन जायदाद के लिये जाति संप्रदाय अपराधों के प्रतिशोध और अहंकार युक्त वाणी के कारण परस्पर वैर बढ़ जाती है। इतिहास ऐसे अनेक युद्धों और परम्परा वैर विरोध से भरा पड़ा है। जातिगत वंशगत विद्वेष तो पीढ़ी दर पीढ़ी चलता रहता है। पांच-सात पीढ़ियां बीत जाती है फिर भी दोनों पक्ष के लोग उस वैर विरोध को भूलते नहीं है।

संप्रदाय मत-पंथ को लेकर भारत में ही नहीं विदेशों में भी परस्पर वैर विरोध, लड़ाई वाद-विवाद और रक्तपात हुआ है। हम रूस-यूक्रेन, भारत-पाकिस्तान और हाल में इजराइल और हमास का युद्ध आंखों से देख रहे हैं। वैर-विरोध समय समय पर होता रहता है। हिन्दू - मुसलमान का संघर्ष भी विरोध के कारण होता है जबकि अहिंसा का प्रयोग और विकास भारत में सदियों पहले हो चुका है। जैनों में भी जरा से साम्प्रदायिक मतभेद को लेकर संघर्ष, विद्वेष और विरोध उभर आता है। इसका मुख्य कारण अधिकार है। काम, क्रोध, मोह-लोभ, अहंकार आदि विषैले विकार है। उन विकारों के कारण उत्पन्न विरोध कभी भी शांत नहीं हो सकता।

अनेकांतवाद को ताक में रखकर केवल अपने अहंकार को अधिकार एवं स्वार्थ को लेकर परस्पर संघर्ष भी जैन या अजैन संप्रदायों में चलता रहता है। इससे वैमनस्य बढ़ता है। भयंकर अशुभ कर्मबंधन होता है। इसका कोई भी शांत दिल से विचार करने को तैयार नहीं है। राज्य को लेकर ही नहीं अपने से भिन्न राष्ट्र को दुश्मन समझकर पाकिस्तान आजाद हुआ। तभी से तरह-तरह से भारत के साथ विभिन्न तरीकों से लड़ रहा है। इसी का संघर्ष पंजाब में सिखों का और असम में बोडो का संघर्ष सरकार के साथ चला।

एक दूसरे की कटु आलोचना, आक्षेप, प्रत्याक्षेप के कारण वैर विरोध चलता है। यह अनुचित है। इससे राष्ट्र भक्ति के बदले पक्ष भक्ति ही दृष्टिगोचर होती है। आज यह राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को विकसित देखकर ईर्ष्या वश किसी भी बहाने से भयंकर युद्ध छेड़ने का प्रयास करता है। धनी राष्ट्र आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा, गुलाम और अविकसित करने के लिये तरह-तरह की पैंतरेबाजी करता है। यह कुटिलता आखिर वैर में तब्दील हो जाती है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### मतदाता जागरूकता अभियान में हुई प्रतियोगिताएं

**रायसेन, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशन में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को नगर पालिका द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर नगर पालिका सीएमओ सुरेखा जाटव, सिटी मैनेजर रानी तिवारी, कॉलेज प्राचार्य विनोद सेंगर मौजूद थी छात्राओं को शत प्रतिशत मतदान करने और 17 नवंबर को अपना मत अधिकार का प्रयोग करने प्रेरित भी किया।

### मतदाता जागरूकता रैली आज

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में विधानसभा निर्वाचन-2023 में शत-प्रतिशत मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 26 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे रायसेन में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत प्रचार रैली आयोजित की गई है। यह रैली 26 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे नगर पालिका कार्यालय से प्रारंभ होकर स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय रायसेन पहुंचेगी और वहां से पुन: नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर समाप्त होगी।

### बाल स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन




**भेरून्दा /नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** विजयदशमी पर बाल स्वयंसेवकों का संचलन मंगलवार को नगर के शास्त्री स्मृति विद्यालय से प्रारम्भ होकर रॉयल मार्केट, जेपी मार्केट, दुर्गा मंदिर चौराहा, भोपाल रोड, बस स्टेण्ड, सेठी मार्केट, सकन्ट मोचन मंदिर, नीलकंठ रोड, दाना बाबा चौराहा और जेपी मार्केट से होते हुए शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर मे समापन हुआ, जिसमे बाल शिशु स्वयंसेवक सहित संघ के अधिकारी व नगर के अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे। नगर के व्यापारियों द्वारा जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया।

### चादर चढ़ाने गाजे बाजे के साथ निकाली पदयात्रा



**रायसेन, देशबन्धु।** शहर के भोपाल मार्ग पर स्थित हजरत पीर फतेह उल्ला साहब की दरगाह पर 803वा उर्स मंगलवार से प्रारंभ हो गया है। जो 3 दिन तक चलेगा उर्स में शामिल होने देश भर से जायरीन आए हैं। बुधवार को शहर के समाजसेवी इरशाद मामू ने बाजे-गाजे के साथ शहर में पदयात्रा के माध्यम से निकलकर दरगाह पर पहुंच चादर चढ़ाई चादर के साथ पदयात्रा इंडियन चौराहे से प्रारंभ हुई जो शहर के मुख्य मार्ग से होती हुई दरगाह शरीफ पहुंची इस दौरान उन्होंने बाबा को चादर पेश कर जिले वासियों की खुशहाली के लिए दुआ मांगी। उर्स को लेकर दरगाह शरीफ को रोशनी से सजाया गया। आज रात में उज्जैन भोपाल बिजनौर से आए कव्वालों के बीच में मुकाबला होगा।

# चल समारोह निकालकर किया दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

**किशोरियों और बालिकाओं के अखाड़े बने आकर्षण का केंद्र**





**गैरतगंज, देशबन्धु।** विजयादशमी दशहरा पर्व पर नगर में चल समारोह का आयोजन किया गया। चल समारोह में नगर सहित आसपास के क्षेत्र की लगभग आधा सैकड़ा झांकियों ने हिस्सा लिया। चल समारोह के दौरान बड़ी संख्या में भगवा ध्वजा हाथ मे रखे चल रहे श्रद्धालुओं ने पूरे नगर को भगवामय कर दिया। आयोजन के दौरान विशेष तौर पर चल समारोह में केसरिया बाने और पगड़ी के साथ किशोरियों और बालिकाओं के कला कौशल दिखाते अखाड़े आकर्षण का केंद्र बने रहे। हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में चल समारोह रामजानकी मंदिर से अखाड़े के साथ प्रारंभ होकर किसानी मोहल्ला स्थित दुर्गा झांकी पहुंचा। यहां से दुर्गा झांकी के साथ भगवान राम, लक्ष्मण को साथ लेकर चल समारोह आगे बढ़ा। आयोजन में अखाड़ों का प्रदर्शन, महिला किशोरियों, बालिका मंडल का अखाड़ा, बजरंग अखाड़ा के साथ चल रही लेजम की थाप पर बड़ी संख्या में कन्याएं पूरे समय आकर्षण का केंद्र रही। दशहरा पर्व के दोपहर में मां वैष्णो उत्सव समिति टेकापार द्वारा चल समारोह निकाला जिसमे छोटी छोटी बालिकाओं द्वारा लेजम एवं ढोल बजाकर प्रदर्शन किया जो आकर्षण का केंद्र रहा। दशहरा चल समारोह अपने रंग पर रहा। दोपहर से शुरू हुआ आयोजन देर रात तक चलता रहा। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की लगभग 2 दर्जन से अधिक दुर्गा प्रतिमाओं से सजी झांकियां चल समारोह में शामिल रही। विशेष तौर पर बजरंग अखाड़ा, नरसिंह अखाड़ा, भीम अखाड़ा, संत शिरोमणि रविदास अखाड़ा के कलाकारों ने अपने कला कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। श्रीराम जानकी धर्मशाला से प्रारम्भ हुआ चल समारोह बस स्टैंड, नंदनी नगर, गांधी तिराहा, ब्लाक कालोनी एवं टेकापार से होता हुआ कृषि उपज मंडी प्रांगण दशहरा मेला मैदान में सम्पन्न हुआ। दुर्गा झांकी एवं अखाड़ा अध्यक्षों को किया सम्मानित दशहरा के चल समारोह के बाद मुख्य कार्यक्रम कृषि उपज मंडी प्रांगण में संपन्न हुआ। यहां हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में दुर्गा झांकी के अध्यक्ष को पुरुस्कारों का वितरण किया गया। वही के अध्यक्षो का भी शील्ड देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी बद्रीप्रसाद पटेल, सुरेशचंद नायक, अवधनारायण श्रीवास्तव, डीके माहेश्वरी, शिवप्रसाद ठाकुर, टेकचंद जैन, लालजी ठाकुर, छतर सिंह पटेल, जवाहर चंद्रवंशी, हरिकृष्ण गौर, नंदकिशोर पटेल, ओमकार चंद्रवंशी, काशीराम अहिरवार का हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष देवेंद्र पटेल ने पगड़ी बांधकर सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जवाहरसिंह चंद्रवंशी ने की। कार्यक्रम के दौरान राम रावण युद्ध के बाद रावण के बुराई के प्रतीक आदमकद पुतले का दहन किया गया। बाद में बीना नदी के छोटे पुल स्थित विसर्जन घाट पर देर रात तक दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन क्रेन की सहायता से किया गया। आयोजन के दौरान विशेष तौर पर चल समारोह में केसरिया बाने और पगड़ी के साथ किशोरियों और बालिकाओं के कला कौशल दिखाते अखाड़े आकर्षण का केंद्र बने रहे।

पहले हनुमान मंदिर पहुंचकर समर्थकों के साथ की पूजा

# कांग्रेस प्रत्याशी ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर दाखिल किया नामांकन



**सिरोंज, देशबन्धु।** सिरोंज -लटेरी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी सैकड़ों समर्थकों और वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के साथ नामांकन दाखिल करने एसडीएम कार्यालय पहुंचे और वहां रिटर्निंग अधिकारी हर्षल चौधरी को नामांकन पत्र सौंपा। पहली बार कांग्रेस ने इस सीट से रघुवंशी को अपना उम्मीदवार बनाकर चौका दिया है। पर्चा दाखिल करने के पहले कांग्रेस प्रत्याशी शहर के सुप्रसिद्ध क्षत्रिय हनुमान मंदिर पहुंचे और वहां जाकर उन्होंने हनुमान जी से चुनाव में जीत की अर्जी लगाई और पूजा की। रघुवंशी लिंक रोड स्थित घर से अपनी पत्नी जिला पंचायत सदस्य पार्वती रघुवंशी, अपने भाई और बच्चों को लेकर पैदल ही पूरे शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए लगभग 3 से 4 किलोमीटर पैदल चले। छतरी चौराहे पर बनी गांधी प्रतिमा को माला पहनकर शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे । लोगों ने जगह-जगह कांग्रेस प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी का स्वागत किया पहली बार किसी कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन दाखिल करते समय बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भीड़ देखी गई। जिससे चर्चा है कि इस बार कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी। इसी सीट से भाजपा ने यहां से उमाकांत शर्मा वर्तमान में विधायक है फिर से टिकट दिया है।

### पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है उसे कायम रखूंगा: गगनेंद्र

नामांकन दाखिल करने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी ने पत्रकारों से बात करते हुए भारी बहुमत से जीत दर्ज करने का दावा किया तो वही मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार दो तिहाई बहुमत से बनने की बात भी कहीं कि हम जनता के बीच जाकर भाजपा की जन विरोधी नीतियों को लोगों तक पहुंचाएंगे और कांग्रेस की 18 महीने की सरकार द्वारा किए गए जन हितेशी कार्यों को बताकर अपने लिए समर्थन की मांग करेंगे। क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़कों की अव्यवस्था है हमें अभी तक जनता के बीच में बहुत अच्छा समर्थन प्राप्त हुआ है और कांग्रेस पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है उसे पूरी तरह कायम रखूंगा।

# सांची से कांग्रेस प्रत्याशी गौतम ने जमा किया नामांकन



**रायसेन, देशबन्धु।** बुधवार दोपहर को सांची विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ जीसी गौतम ने अपना नामांकन दाखिल किया। डॉ गौतम नामांकन फार्म जमा करने से पहले सागर रोड स्थित पाटनदेव और कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे यह उन्होंने बजरंगबली की पूजा अर्चना कर माथा टेका और नामांकन फार्म मंदिर की चौखट पर रखा उसके बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुमताज खान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय धाकड़, हकीमुद्दीन मंसूरी, के साथ रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अपना नामांकन फार्म जमा किया। हालांकि यह नामांकन फार्म उन्होंने मुहूर्त के मुताबिक दाखिल किया है, 30 अक्टूबर को फिर से अपने समर्थकों के साथ नामांकन जमा करेंगे।

### सिलवानी से कांग्रेस प्रत्याशी पटेल ने जमा किया नामांकन



**रायसेन, देशबन्धु।** सिलवानी विधानसभा 143 से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र पटेल ने मुहूर्त के हिसाब से अपने अधिवक्ता रोहतास पटेल के साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम सौरभ मिश्रा को नाम निर्देशन पत्र सौंपा। अभी तक कुल पांच अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय से प्राप्त किए हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी देवेंद्र पटेल ने शुभ मुहूर्त के हिसाब से नाम निर्देशन फार्म जमा किया है आज 25 अक्टूबर को बजरिया मंदिर से दोपहर को पूजा अर्चना के बाद व अपने समर्थकों के साथ नाम नामांकन फार्म जमा किया।

# मनाया दशहरा पर्व, निकला चल समारोह



**भेरून्दा /नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** नगर में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। चल समारोह श्रीराम मंदिर गांधी चौक छोटा बाजार से प्रारंभ हुआ। इस चल समारोह मे नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर एवं नगर परिषद के पाषर्दगड, नगर के गणमान्य नागरिक मुख्य रूप से शामिल रहे। चल समारोह रॉयल मार्केट ,जेपी मार्केट, दुर्गा मंदिर चौराहा ,इंदौर रोड होते हुऐ, बजरंग कुटी खेड़ापति हनुमान मन्दिर पहुंचा, जहां पर पूजा अर्चना की गई। वहीं व्यापारी संगठन एवं कई जगह चल समारोह का पुष्प वर्षा कर सम्मान किया गया। वही हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर भेरूंदा की मुस्लिम त्यौहार कमेटी जामा मस्जिद द्वारा दशहरा चल समारोह का दुर्गा मन्दिर चोराहे के पास पुष्प वर्षा कर एवं ठंडा वितरण कर सम्मान किया गया। एवं सभी हिन्दू मुस्लिम भाईयों ने एक दूसरे से गले मिलकर दशहरा पर्व की एक दूसरे को बधाई दी ।गंगा जमुना तहजीब एवं हिंदू मुस्लिम एकता भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। वही चल समारोह में एसडी एम.एस. रघुवंशी ,नगर परिषद सीएमओ प्रफुल्ल गठरे आदि अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

# कालादेव में दशहरे पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक शर्मा



**लटेरी, देशबन्धु।** दशहरे के अवसर पर लटेरी के कालादेव में परंपरागत रूप से राम-रावण का गोपियां युद्ध का आयोजन हुआ। हमेशा की तरह इस आयोजन को देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हुए। गोटमार के इस कार्यक्रम में हमेशा की तरह विधायक उमाकांत शर्मा ने भी शामिल पूजा अर्चना की कर जनसंपर्क किया। लटेरी आनंदपुर से सुदूर उनारसी कला में होने वाली गोटमार आयोजन में स्थानीय ग्रामीण राम दल का नेतृत्व करते है और प्रांगण के सीमाक्षेत्र में रहकर उद्घोष करते है। इसके दूसरी तरफ आसपास के गांवों के लोग रावण दल की ओर से गोपिया से रामदल पर पत्थरों से प्रहार करते है। वर्षो से चली आ रही इस परंपरा को क्षेत्र के पूर्व संस्कृति मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा ने देश एवं प्रदेश स्तर पर पहचान स्थापित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दशहरे के दिन वह हमेशा इस आयोजन में सहभागिता करते थे। मंगलवार को आयोजित हुए इस आयोजन में उमाकांत शर्मा ने सहभागिता करते हुए जनता के बीच बैठकर गोपिया युद्ध और होने वाले संवाद लीला को देखा। इस दौरान उन्होंने रथ में विराजे भगवान रामलला सरकार के पूजन दर्शन कर आरती उतारी इसके उपरांत दूसरे रथ में विराजे राम दरबार के पात्रों की भी पूजा अर्चना की। तथा उपस्थित नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों को असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक दशहरा पर्व की शुभकामनाएं प्रदान की। इस दौरान सैकड़ो की सँख्या में उपस्थित जनसमुदाय जयघोष लगते दिखाई दिए। इस दौरान भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह बघेल,राजेश यादव,बृजभूषण सिंह,राजकंवर बघेल,आशीष शर्मा,रामगुलाम राजौरिया, संजय शर्मा आदि के साथ क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि एवं नेतागण उपस्थित रहे।

# कांग्रेस से टिकट कटने के बाद कुलदीप हाथी पर हुए सवार

**मुरैना, देशबन्धु।** बुधवार की सुबह कांग्रेस द्वारा तीसरी सूची में सुमावली विधानसभा क्षेत्र से कुलदीप सिकरवार का टिकट कैंसिल कर अजब सिंह कुशवाह का टिकट फाइनल किए जाने के 5-6 घंटे पश्चात सर्व समाज के निर्णय पर कुलदीप ने बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ले ली और हाथी पर सवार होकर अब सुमावली विधानसभा में निकलेंगे तथा कांग्रेस प्रत्याशी की राह में रोड़ा अटकाएंगे।

जिसका कोई नहीं, उसका बसपा है यारों, ऐसा ही जुमला अब लोगों में चल रहा है। बहुजन समाज पार्टी भी अच्छे प्रत्याशियों की तलाश में खाली बैठी हुई है, जो भी कांग्रेस एवं भाजपा का सताया हुआ उसके पास शरण लेने पहुंच जाता है तो बसपा भी खुले दिल से उसका स्वागत करती है और तुरंत नीली पट्टी भेंट कर दी जाती है। अभी हाल ही के घटनाक्रम को देखें तो सुमावली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस से नाराज होकर बसपा में आए अजब सिंह को तत्काल टिकट दे दिया गया और और उसके पांचवें दिन ही पहले से घोषित प्रत्याशी कुलदीप का टिकट काटकर और फिर से अजब सिंह को टिकट कांग्रेस ने दे दिया है। इधर अपने साथ हुए अन्याय से नाराज कुलदीप ने 6 घंटे पश्चात बसपा के प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पिप्पल के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ले ली और नीली पट्टी ओढक़र हाथी पर सवार हो गए हैं तथा चुनाव सुमावली विधानसभा से ही लड़ेंगे।

### रिठौरा भाजपा मंडल के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता बसपा में शामिल

**मुरैना।** भाजपा छोडक़र बसपा से मुरैना विधानसभा प्रत्याशी घोषित हुए राकेश रुस्तम सिंह का चुनावी जनसंपर्क आरंभ हो गया है। मंगलवार को रिठौरा भाजपा मंडल के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने राकेश सिंह के प्रति अपना विश्वास जताते हुए भाजपा को बाय-बाय कर दिया और बसपा में शामिल हो गए, इससे भाजपा को एक बड़ा झटका लगा है।

विधानसभा क्षेत्र के रिठोरा मंडल के कार्यकर्ताओं ने भाजपा को छोडक़र बसपा प्रत्याशी राकेश रुस्तमसिंह के समक्ष उनके समर्थन में बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बसपा प्रत्याशी ने उनका सम्मान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बसपा में शामिल होने वालों में सतेंद्र सिंह सिसोदिया, सुघर सिंह भैंसोरा, सज्जन सिंह, रिंकू राजौरिया, विक्रम बरैया, देवेंद्र सिंह कुतवार, संजय सिंह नाका, भूपेंद्र सिंह बमरोली, श्यामसुंदर सिंह पहाड़ी, सिरनाम सिंह पढ़ावली, वीरेंद्र सिंह, तख्त सिंह सरपंच पढ़ावली, राजवीर सरपंच बढ़वारी, अमरेश शर्मा रिठौरा, ध्रुव कौरव बनमोर, एदल सिंह हर्षाना, मंगू शर्मा पढ़ावली, अखेंद्र सिंह बघेल, जितेंद्र सिंह बमरोली, राधेश्याम सिंह बिसैंठा, संजू अरदोनी, पवन कौरव मितावाली, नरेश गोस्वामी, लक्की कटारे नौगांव, सोनू श्रीवास आदि शामिल हैं।

# शस्त्रों की पूजा कर पुलिस लाइन में मनाया दशहरा पर्व

**वाहनों और इलेक्ट्रॉनिक मशीनों का पूजन कर की आतिशबाजी**

**मुरैना, देशबन्धु।** असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व मंगलवार को जिलेभर में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने शस्त्र पूजन के साथ-साथ वाहनों एवं इलेक्ट्रॉनिक मशीनों का पूजन किया तथा आतिशबाजी कर प्रसादी का वितरण किया गया।

दशहरा पर्व पर सुबह से ही पूजा अर्चना का कार्य आरंभ हो गया पुलिस लाइन मुरैना में पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद ठाकुर के द्वारा पुलिस कर्मचारियों के समस्त शस्त्रों का वैदिक मंत्रउच्चार एवं विधि विधान से पूजन कराया गया और दशहरे की शुभकामनाएं दी गई। शहर में लोगों द्वारा घर व प्रतिष्ठानों पर दशहरा पर्व पर अपने-अपने वाहन, शस्त्र एवं मशीनरींयों की पूजा की गई। सुबह से ही एमएस रोड एवं हनुमान चौराहे पर फूल मालायें बड़ी संख्या में बेचने के लिए ग्रामीण आए, वहीं एमएस रोड के किनारे वाहनों को सजाने के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री लिए दुकानदार बैठे हुए थे। इधर दशहरा के अवसर पर दोपहिया वाहन खरीदने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही और लोगों ने दोपहिया वाहन खरीदे, वहीं मैकेनिकों की दुकान एवं धुलाई सेंटरों पर भारी भीड़ देखने को मिली।

### विधि विधान से किया शस्त्र पूजन

असत्य पर सत्य की विजय के पर्व दशहरे के अवसर पर नगर में शस्त्र,वाहनों का पूजन किया गया। पुलिस चौकी झुण्डपुरा पर आज दशहरा के पावन पर्व पर पुलिस विभाग द्वारा पुलिस के पास शासन द्वारा उपलब्ध शस्त्रों का पूजन किया गया। इस मौके पर चौकी प्रभारी पवन भदौरिया, लवकुश शर्मा, रुपसिंह जाट समेत पुलिस चौकी का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

सुबह संपूर्ण विधि विधान से शस्त्रों व वाहनों का पूजन हिंदू मान्यताओं के अनुसार शस्त्रों को मंत्रोच्चार के साथ रोली व अक्षत चढ़ाकर मौली कलावा बाधकर पूजन किया गया। वहीं चौकी प्रभारी पवन भदौरिया ने चौकी पर उपलब्ध शस्त्रों सहित विभिन्न वाहनों का विधिवत आचार्य अनिल बुधौलिया के आचार्योत्व में पूजन किया गया। इस अवसर पर चौकी प्रभारी पवन भदौरिया, लवकुश शर्मा, रूपसिंह जाट, नीतीश सोनी, ईमाम खां सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

### शस्त्र पूजन के साथ आरएसएस ने निकाला पथ संचलन, जगह- जगह हुआ स्वागत

**मुरैना, देशबन्धु।** विजयादशमी पर हर साल की तरह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने पूरे नगर में पथ संचलन निकाला। इससे पूर्व पुराना बस स्टैंड में मुख्य आयोजन किया गया, जहां शस्त्र पूजन के साथ ही संघ के स्वयंसेवकों ने शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन किया। जिसमें नियुद्ध, दंड योग, समता, घोष का प्रदर्शन प्रशिक्षित स्वयं सेवकों ने किया। इस बीच मंच पर मुख्य वक्ता के रूप में संघ के मुरैना विभाग प्रचारक धनराज सिंह, लंका पहाड़ी के संत शिवराम दास महाराज, संघ के जिला संघचालक विजय बांदिल व नगर संघचालक मौजूद रहे। इस बीच मुख्य वक्ता धनंजय ने संघ की स्थापना से लेकर आज तक किए गए संघ के विभिन्न कार्यों व उद्देश्यों के बारे में बताया।

साढ़े पांच बजे संघ का पथ संचलन बस स्टैंड से शुरू हुआ। जिसमें लगभग एक हजार स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में हाथों में लाठी लेकर चल रहे थे। पथ संचलन जहां से भी गुजरा, वहां लोगों ने पुष्प वर्षा कर इसका स्वागत किया। सबसे आगे दंड वाहिनी चल रहीं थी, इसके बाद घोष का दल चल रहा था। बीचों बीच भगवा ध्वज लिए स्वयं सेवक चल रहे थे। अंत में बिना शस्त्र लिए स्वयं सेवक चल रहे थे। जहां कदम ताल करते हुए संचलन जीवाजी गंज पहुंचा, इसके बाद गर्ल्स स्कूल रोड, एमएस रोड होते हुए वापस बस स्टैंड पहुंचा, जहां समापन किया गया।

### सोशल मीडिया पर ग्रामीणों ने वीडियो किया वायरल

# शिक्षा के मंदिर में टॉयलेट साफ कर रहे मासूम





**पलेरा, देशबन्धु।** विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बखतपुरा में शासकीय माध्यमिक शाला का शर्मसार कर देने वाला एक मामला सामने आया है। यहां शिक्षा ग्रहण करने के लिए स्कूल पहुंचे बच्चों से गंदे शौचालय की सफाई कराई जा रही है। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। बताया गया है कि शासकीय माध्यमिक शाला में पढ़ने वाले मासूम छात्र-छात्राओं से स्कूल के गंदे शौचालय को साफकराया जा रहा है। बच्चों से इस तरह का कार्य स्कूल प्रबंधन ही करा रहा है।

## लंच ब्रेक में बच्चों को थमाई जाती है झाडू और बर्तन

दरअसल स्कूल में खाना खाने के लिए लंच टाइम में मिलने वाली आधी छुट्टी में मासूम छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन की तरफ से बोला गया कि सभी बच्चे टॉयलेट साफकरेंगे। स्कूल में अध्ययनरत बच्चों ने बताया कि वो लंबे समय से टॉयलेट और यूरिनल साफ करते आ रहे हैं। अब ऐसे में सवाल उठता है कि एक तरफ प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान छात्र-छात्राओं के लिए अनेक योजना ला रहे हैं और उनका हौसला बढ़ा रहे हैं। तो दूसरी तरफ शिक्षा की मंदिर से ऐसी शर्मनाक तस्वीर सामने आई है। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो वहां मौजूद एक व्यक्ति ने बना लिया और सोशल मीडिया में उसे वायरल कर दिया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। बता दें पहले भी कई बार इस प्रकार की तस्वीरें उजागर हुई पर कार्रवाई दबी रह गई।

# तत्कालीन सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक का कारनामा



◆ अवधेश वर्मा

## निरस्त चैकडेम का मस्टर डालकर शासकीय राशि का किया बंदरबांट

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले की ग्राम पंचायतों में किस कदर भ्रष्टाचार सिर चढ़कर बोल रहा है, इसका जीता जागता उदाहरण बल्देवगढ़ जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सुजानपुरा में सामने आया है। तत्कालीन सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक की मिलीभगत से पोकलेन मशीन से सीटीआर चैकडेम निर्माण नींव की खुदाई का वीडियो बनाकर ग्रामीणों ने जनपद सीईओ से डेढ़ साल पहले शिकायत की गई। जिसमें जांच दल ने जांच प्रतिवेदन में चैकडेम निर्माण कार्य को निरस्त कर दिया गया। बताया जा रहा है कि बल्देवगढ़ विकासखंड अंतर्गत सुजानपुरा-राजनगर के किसानों की करीब 1 हजार एकड़ भूमि पर नवीन तालाब निर्माण कार्य 16 करोड़ 82 लाख से स्वीकृत हुआ। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत सुजानपुरा में वित्तीय वर्ष 2021-2022 में सीटीआर चैकडेम निर्माण कार्य शंकरिया घाट पर 11 लाख 14 हजार की राशि से स्वीकृत कराया गया। तत्कालीन सरपंच श्रीमती पार्वती यादव, सचिव बालकिशन यादव, रोजगार सहायक महेश कुमार जैन की मिलीभगत से शंकरिया घाट पर पोकलेन मशीन से सीटीआर चैकडेम निर्माण नींव की खुदाई किए जाने का वीडियो ग्रामीणों ने बनाकर बल्देवगढ़ जनपद सीईओ प्रभाषराज घनघोरिया से डेढ़ साल पहले शिकायत की गई। ग्रामीणों की शिकायत पर बल्देवगढ़ जनपद सीईओ प्रभाषराज घनघोरिया ने जांच टीम गठित की। जांच टीम में सहायक यंत्री रोहित सगारिया, एपीओ योगेश समाधिया, उपयंत्री प्रमोद कुमार साहू ने मौके पर जाकर जांच कर पंचनामा तैयार किया गया। जिसमें शंकरिया घाट पर पोकलेन मशीन से सीटीआर चैकडेम निर्माण कार्य का जांच प्रतिवेदन बना कर निर्माण कार्य को निरस्त किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि नवीन तालाब के भराव क्षेत्र में चैकडेम निर्माण कार्य की पोकलोन मशीन से नींव की खुदाई कर विडियो बनाकर जनपद सीईओ से शिकायत की गई जिसमें जांच टीम ने शंकरिया घाट पर चैकडेम निर्माण कार्य निरस्त करने के वावजूद भी तत्कालीन सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक की मिलीभगत के चलते फर्जी मस्टर डालकर 1 लाख 14 हजार रुपए की राशि निकालकर बंदरबाट कर लिया है।

## देहात थाना पुलिस ने जप्त किए 1 लाख 33 हजार 450 रुपए

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** वर्तमान में चल रही विधानसभा चुनाव 2023 आचार संहिता के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या के द्वारा सभी थाना प्रभारियो को थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग कर अवैध गतिविधियो की रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में 25/10/2023 को एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के दिशा निर्देशन में थाना देहात प्रभारी को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से पैसे लेकर मवई से टीकमगढ़ तरफजा रहा है। सूचना पर थाना देहात क्षेत्र अंतर्गत धजरई मवई से कारी रोड पर चैकिंग के दौरान थाना देहात पुलिस द्वारा भानु प्रताप राय उर्फ भन्नू पिता घासीराम राय निवासी ग्राम मामौन थाना देहात से 1 लाख 33 हजार 450 रुपये संदेहात्मक रुप में रखे पाये जाने से एफएसटी टीम को बुलाकर जप्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक मनीष कुमार, प्रधान आरक्षक राहुल पटेरिया, आरक्षक अवनीश पुरी एवं आरक्षक चालक कपिल शर्मा एवं एफएसटी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## 66 लीटर महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मंगलवार की देर शाम को मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए दिगौड़ा पुलिस ने धामना-मजना सड़क किनारे एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ से बनी हुई 66 लीटर देशी कच्ची शराब को जब्त किया और आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी अनुमेहा गुप्ता ने बताया कि मंगलवार की शाम को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई थी कि ग्राम धामना से मजना सड़क पर रामबेर मंदिर के पास एक व्यक्ति प्लास्टिक के कुप्पों में अवैध शराब बेचने के लिए खड़ा है। मुखबिर की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम के साथ मुखबिर के बताए गए स्थान पर दविश दी गई। धामना मजना सड़क के किनारे रामबेर मंदिर के आगे सड़क किनारे एक व्यक्ति प्लास्टिक के कुप्पों के साथ बैठा हुआ था। आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा तो पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर आरोपी सतेन्द्र उर्फ सत्तू उर्फ सत्यप्रकाश घोष उम्र 20 साल निवासी सैराई को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 15 लीटर के 5 कुप्पों में कुल 66 लीटर 6 हजार 600 कीमत की हाथ भट्टी से बनी हुई महुआ की अवैध कच्ची शराब को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी सत्तू घोष निवासी सैराई को जिला न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी अनुमेहा गुप्ता, एसआई नीरज लोधी, प्रधान आरक्षक सादिक खान, प्रभु सिंह यादव, सलमान खान की मुख्य भूमिका रही।

# बुधवार को खरगापुर विधानसभा से 2 नाम निर्देशन पत्र जमा

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा हो चुकी है एवं नाम निर्देशन की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत बुधवार को विधानसभा क्षेत्र-47 खरगापुर से दो अभ्यर्थियों ने रिटर्निंग ऑफिसर खरगापुर विजय कुमार सेन के समक्ष अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। प्यारेलाल सोनी वार्ड नं. 7 नारदगंज पलेरा जिला टीकमगढ़ तथा महेश वार्ड नं. 7 नादरगंज पलेरा जिला टीकमगढ़ ने आम आदमी पार्टी से विधानसभा क्षेत्र-47 खरगापुर से नाम निर्देशन पत्र जमा किया। ज्ञातव्य है कि नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया 30 अक्टूबर 2023 को पूर्ण होगी। नाम निर्देशन पत्र प्रातः 11 बजे से अपरांह 3 बजे तक जमा किये जायेंगे। शासन द्वारा घोषित अवकाश के दिनों में नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं किये जायेंगे। इस प्रकार केवल 21, 23, 25, 26, 27 और 30 अक्टूबर 2023 कुल 6 तिथियों में नाम निर्देशन पत्र जमा किये जा सकेंगे। 31 अक्टूबर 2023 को जमा हुये नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी, एक नवम्बर तथा दो नवम्बर को अपरांह 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र वापस लिये जा सकते है। उसी दिन अपरांह 3 बजे के बाद सभी अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि इसके पहले सोमवार को खरगापुर विधानसभा 47 से कांग्रेस प्रत्याशी चंदा सुरेंद्र सिंह गौर और विधानसभा 43 टीकमगढ़ से भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी गोस्वामी ने नामांकन फार्म जमा किया था। जानकारी के अनुसार 26 अक्टूबर को टीकमगढ़ विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी यादवेंद्र सिंह बुंदेला फार्म जमा करेंगे। इसके अलावा खरगापुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी पर्चा दाखिल करेंगे। जिले की तीन विधानसभा में अब तक सिर्फ चार प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म जमा किए हैं।

## पूर्व नपाध्यक्ष लक्ष्मी गिरी ने हरपुरा मड़िया में किया जनसंपर्क



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बुधवार के दिन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी राकेश गिरी ने टीकमगढ़ विधानसभा के ग्राम हरपुरा मडिया में जनसंपर्क कर जनता जनार्दन से भाजपा के पक्ष में आशीर्वाद मांगा और टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र में एक बार फिर कमल खिलाकर भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने की अपील की। इस दौरान सभी को दशहरा की शुभकामनाएं दी।

## कुए से अजगर का रेस्क्यू करके जंगल में छोड़ा

**जतारा, देशबन्धु।** क्षेत्र में सांपों को सुरक्षित पकड़ने में सफलता हासिल करने वाले स्नेक सेवर टीम के प्रमुख विष्णु सिंह घोष निवासी हरपुरा द्वारा एक बार फिर कुएं में से एक अजगर सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। स्नेक सेवर विष्णु सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जतारा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मलुपुरा के एक कुएं में पिछले करीब एक महीने से अजगर सांप था। किसान मथुरा प्रसाद यादव ने इसकी सूचना वन विभाग व स्नेक सेवर टीम को दी। सूचना मिलते ही सोमवार को वन विभाग टीम के शुभम पटेल व स्नेक सेवर टीम के विष्णु सिंह घोष ने किसान के खेत पर पहुंच कर कुएं में जाकर देखा तो वहां करीब 7 फुट लंबा अजगर सांप दिखाई दिया। दोनों ने कुएं के अंदर से इस अजगर सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया। अजगर सांप को कुएं से बाहर निकाला गया। जिसका वजन लगभग 12 किलोग्राम था। यह अजगर सांप कई दिनों से भूखा था। इस अजगर सांप को वन विभाग की टीम व स्नेक सेवर ने सुरक्षित ले जाकर जंगल में छोड़ दिया गया। इस रेस्क्यू अभियान में मुख्य रूप से वन विभाग टीम से शुभम पटेल व स्नेक सेवर टीम से विष्णु सिंह घोष सहित स्थानीय लोगों की अहम भूमिका रही।

# शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने निकाला फ्लेग मार्च



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर प्रशासन द्वारा पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। आचार संहिता लागू होने के कारण पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर बुधवार की शाम पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत थाना दिगौड़ा के अनेक ग्रामों में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस व सीआईएसएफ के कई जवानों ने पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में फ्लैग मार्च निकाला। नगर में अपराधियों पर पुलिस का अंकुश बना रहे। नागरिकों में अपराधियों को लेकर भयमुक्त वातावरण को रखने के लिए फ्लैग मार्च किया गया। थाना प्रभारी अनुमेहा गुप्ता के नेतृत्व में निकले फ्लैग मार्च में एसआई नीरज लोधी व एएसआई कल्याण सिंह सहित पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने के लिए यह फ्लैग मार्च ग्राम पंचायत दिगौड़ा, बम्होरी, खरोई, बीरऊ, बिजरावन, नादिया, धामना, मऊ बुजुर्ग, बछोड़ा, बिलगाएँ व सैराई में निकाला गया। आगामी 17 नवम्बर को होने वाले मतदान एवं आगामी त्योहारों को लेकर ऐसे समय में शांति व्यवस्था बिगड़ने का अंदेशा बना रहता है, जिसकी शांति बनाए रखने का जिम्मा पुलिस बल का है। इसी के चलते पुलिस ने सड़क पर शक्ति प्रदर्शन करने का फैसला किया। पुलिस जवानों व सीआईएसएफ जवानों ने इसमें हिस्सा लिया और थाना क्षेत्र के अनेक ग्रामों में घूमकर लोगों को पुलिस की मौजूदगी का एहसास भी कराया।

### दशहरे पर्व पर पुलिस लाइन में किया गया अस्त्रों-शस्त्रों का पूजन

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों को दी शुभकामनाएं



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले में विजयदशमी पर्व के अवसर पर पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन कार्यक्रम विधि-विधान से कराया गया। इसके साथ ही अस्त्रों-शस्त्रों का पूजन करते हुए हवन भी करवाया गया। पूजन कार्यक्रम के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा बंदूक से हवाई फायर भी किया गया। शस्त्र पूजन जिले के पुलिस मुख्यालय समेत जिले भर के सभी थानों में संपन्न कराया गया। उक्त कार्यक्रम में कलेक्टर अवधेश शर्मा, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ जिले वासियों को शुभकामनाएं देते हुए शुख. समृद्धि की कामना की गई। दशहरे के पर्व पर शस्त्र पूजन करने का रिवाज काफी पुराना है। उक्त कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे, डीएसपी अजाक दिलीप पांडे, एफएसएल अधिकारी प्रदीप यादव, रक्षित निरीक्षक टीकमगढ़ विशाल मालवीय, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक आनंद राज, देहात थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार, सूबेदार उत्तम सिंह सहित पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### देर रात तक किया गया देवी प्रतिमाओं का विसर्जन, श्रद्धालुओं ने नम आंखों से किया विदा

# नजरबाग मैदान में पारंपरिक तरीके से किया गया रावण दहन





**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के नजरबाग मैदान में मंगलवार 24 अक्टूबर की रात रावण दहन कार्यक्रम पारंपरिक तरीके से मनाया गया। हर साल की तरह इस बार भी रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले बनाए गए। रामलीला मंडली के श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी के पात्रों ने देर रात नजरबाग पहुंचकर पुतलों का दहन किया। इस दौरान पूरा मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते इस बार रावण दहन कार्यक्रम में जन प्रतिनिधि नहीं पहुंचे। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने अधिकारियों के साथ भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान की आरती उतार कर पूजा अर्चना की। इसके बाद भगवान श्री राम ने सबसे पहले कुंभकरण के पुतले का दहन किया। फिर लक्ष्मण ने मेघनाथ का पुतला जलाया। अंत में श्रीराम ने रावण के पुतले का दहन किया। रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले जलते ही नजरबाग मैदान में मौजूद दर्शकों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाकर उत्साह मनाया। हर साल की तरह इस बार भी रावण दहन के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। नजरबाग मैदान में रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले जलने के बाद शहर में देवी प्रतिमाओं का चल समारोह शुरू किया गया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग झांकियों के दर्शन करने बैठे रहे। रात 9 बजे से लेकर देर रात 2 बजे तक देवी प्रतिमाओं की झांकियों का चल समारोह निकाला गया। इसके बाद महेंद्र सागर तालाब पर बनाए गए विसर्जन कुंड में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। लोगों ने नाम आंखों से माता रानी को विदाई दी।

# वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने जप्त किए डेढ़ लाख नगद

**पन्ना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के द्वारा विधानसभा चुनाव एवं आदर्श आचार संहिता को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग कर अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में गुनौर थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के द्वारा एसडीओपी गुनौर ग्लैडविन एडवर्डकार के दिशा निर्देशन में थाना गुनौर अंतर्गत ककरहटी तिराहा के पास पर वाहन चेकिंग के दौरान एक चार पहिया वाहन के चालक के पास कुल मिलाकर एक लाख पचास हजार रुपये संदेहात्मक रूप में रखे हुए पाये जाने पर जप्त किये गए। पुलिस के द्वारा अनावेदक को उक्त राशि का वैध आधिपत्य सिद्ध करने के लिए इलेक्शन रिटर्निंग ऑफिसर के माध्यम से जिला ग्रीवेंस कमेटी के समक्ष उपयुक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु सूचित किया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, मनोरमा मौर्य, अशोक गौतम, रणधीर सिंह दांगी, बृजेश सिंह की भूमिका रही।

## विजय दशमी पर छत्रसाल के वंशज को तलवार व बीड़ा भेंट कर परंपरा का किया निर्वहन

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना के प्रसिद्ध श्री प्राणनाथ खेजरा मंदिर में सदियों पुरानी परंपरा का निर्वहन महाराजा छत्रसाल के वंशज छत्रसाल द्वितीय को तलवार व वीरा भेंट करके किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा पर शिरकत करने पन्ना पहुंचे देश विदेश के हजारों श्रद्धालु साक्षी बने। मालूम हो कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विजयदशमी के पावन दिन मंदिर प्रांगण में शाम 5 बजे आयोजित से आयोजित उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंचीय कार्यक्रम शुरू हुआ। विगत दिवस लगभग शाम 7 बजे पन्ना नरेश मंदिर पहुंचते हैं जहां उन्हें परंपरानुसार मंदिर की पुजारी के द्वारा तलवार



और बीडा दिया जाता है। जिस कार्यक्रम की एक झलक पाने के लिए पलक पावड़ा बिछाये रखते हैं। तत्पश्चात पन्ना महाराज मंच पर पहुंचते हैं जहां से हुआ है उपस्थित हजारों श्रद्धालु सुंदरसाथ को तलवार के दर्शन करते हैं। मंचीय कार्यक्रम में मुख्य रूप से धर्मगुरु दिनेश एम पंडित, पन्ना धाम के स्थानीय धर्माचार्य पं. खेमराज शर्मा, पं. श्याम बिहारी दुबे, पं. योगेश पांडे, विदुषी अर्चना शर्मा सहित बाहर से आए हुए विद्वानों ने मंच से प्राणनाथ जी की वाणी व इस परंपरा के संबंध में उपस्थित श्रद्धालुओं को विस्तार से बताया गया।

अज्ञात लोगों पर हुई एफआईआर

# देवी विसर्जन के लिए जा रहे चल समारोह पर पथराव

**दमोह देशबन्धु।** विगत दिवस मंगलमय को नवरात्रि की समाप्ति के वाद जिले में विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। वैसे तो पूरे जिले में देवी विसर्जन चल समारोह शांतिपूर्ण ढंग से धार्मिक माहौल में निकले और विसर्जन हुआ लेकिन नगर पंचायत हिंडोरिया में चल समारोह के दौरान कुछ आसामाजिक लोगों द्वारा चल समारोह पर पत्थरबाजी किये जाने की घटना सामने आयी है जिससे चल समारोह में चल रहे कुछ लोग घायल हुए हैं।

चल समारोह में शामिल मुकेश चौरसिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार हिंडोरिया नगर में देवी प्रतिमा चल समारोह अपने पारंपरिक रूट से प्रतिमाएं विसर्जन हेतु निकाला जा रहा था उसी दौरान देवी प्रतिमा के साथ अखाड़ा नंबर 1 और 2 की मेन बाजार में स्थापित नगर सेठानी को विसर्जन के लिए ले जाया जा रहा था तभी बस स्टैण्ड क्षेत्र पर कुछ लोगों




ने पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद वहां पर भगदड़ मच गई। कोई कुछ समझ पाता इसके पहले ही पथराव करने वाले रफूचक्कर हो गए। पत्थर मुस्लिम घरों की ओर से आये थे। इसके वाद विसर्जन स्थल के पास सभी गुस्साए समिति ने प्रतिमा विसर्जन रोक दिया और थाने पहुंच गए और मामले की शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही अन्य हिन्दुवादी संगठन के लोग भी थाने पहुंच गये और घटना के विरोध में नारे लगाने लगे। घटना में क्षेत्र के एक पार्षद प्रेम नारायण साहू, हेमंत साहू, अशोक साहू के अलावा कुछ और लोगों को भी चोट आई हैं जिनका मुलायजा कराया जा रहा है। वार्ड नंबर 13 के पार्षद प्रेम नारायण साहू ने बताया कि जब हम दुर्गा विसर्जन के लिए जा रहे थे उसी समय बस स्टैंड पर मुस्लिम लोगों की ओर से पथराव किया गया। जिसमें कुछ लोग घायल हो गए हैं। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हिंडोरिया के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। जब दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के द्वारा इस तरह का निंदनीय कृत्य किया गया है। हम इस कृत्य की निंदा करते हैं। जिसमें पार्षद सहित कुछ लोग घायल हुए हैं। वही इस मामले में हिंडोरिया थाना प्रभारी महेंद्र सिंह जगत का कहना है की मामले में अज्ञात लोगों के विरुद्ध 323, 036 धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है किन लोगों ने हमला किया है इसकी पहचान नहीं हो सकी है। अभी मामले में कार्रवाई चल रही है।

## विजयादशमी चल समारोह सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न

**दमोह देशबन्धु।** अग्रवाल जन जागरण समाज कल्याण समिति एवं गणेश फैंस क्लब के द्वारा लगातार दसवें वर्ष अपने पूर्वजों को समर्पित विजयादशमी समारोह कार्यक्रम के दौरान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। दमोह शहर के बकौली चौराहे पर देर रात तक दमोह शहर की समस्त देवी प्रतिमाओं एवं अखाड़े का यहां पर सील्ड व मेडल से सम्मान किया गया। वहीं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोगों के साथ दमोह शहर के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# कांग्रेस पिछड़ा वर्ग शहर अध्यक्ष डॉ.ताहिर अली ने सभी पदों से दिया इस्तीफा



**दमोह देशबन्धु।** कांग्रेस पिछड़ा वर्ग दमोह के शहर अध्यक्ष डॉ.ताहिर अली ने कांग्रेस पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देकर अपना त्याग पत्र कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रतनचंद जैन को सौंपा दिया है। ताहिर अली ने बताया कि लगातार 25 वर्षो से वे कांग्रेस पार्टी से जुड़े है साथ ही 10 वर्षा तक शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री के पद रहे उसके बाद 8 वर्षो से ज्यादा शहर अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस दमोह के पद पर हर कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रमों में भाग लिया। 25 वर्षो से अधिक पोलिंग एजेंट रहे और अपनी पोलिंग को जिताया। वर्तमान की कांग्रेस प्रणाली के भेदभाव से दुखी होकर ताहिर अली से कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर त्याग पत्र सौंपा।

# टीमों की कार्रवाई सी-विजिल एप पर दर्ज की जाए: कलेक्टर

**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत आदर्श आचार संहिता संपूर्ण जिले में प्रभावशील है, सभी अधिकारी सीजर एवं विभागीय कार्यवाहियां अधिक से अधिक कर प्रत्येक दिवस की रिर्पोट जिला निर्वाचन कार्यालय में दी जाये। एस.एस.टी./ एफएस.टी. टीमों के द्वारा की गई कार्यवाहियों की एन्ट्री आवश्यक रूप से सी-विजिल एप पर की जाये। इस आशय के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने सीजर एवं विभाग द्वारा की गई कार्यवाहियों के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के 51 प्रकरण बनाये गये हैं जिसमें 35 आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किये गये,



साथ में 344.68 लीटर मदिरा जप्त की गई जिसकी अनुमानित राशि 724945/- है। इसी प्रकार पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक प्रकरणों एवं अन्य प्रकरणों में कार्यवाहियां की जा रही है, शस्त्रों को थानेवार जमा किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही उन पर तत्काल कार्यवाही की जायें एवं पोर्टल पर आवश्यक रूप से एन्ट्री करें।खनिज विभाग द्वारा वर्ष 2023 में अवैध उत्खनन के 18 प्रकरण दर्ज किये गये दर्ज प्रकरणों में 440750 का अर्थदण्ड की राशि जमा कराई गई, अवैध परिवहन के 70 प्रकरण दर्ज किये गये जिसमें 5287491 का अर्थदण्ड किया गया एवं अवैध भण्डारण के 05 प्रकरण दर्ज किये गये जिसमें 399000 की अर्थदण्ड राशि जमा कराई गई, इसके साथ ही 8 की जप्ती की कार्यवाही की गई। वन विभाग द्वारा महुआ की जप्ती हुई है इसकी जांच कराकर फारेस्ट एक्ट के तहत कार्यवाही की जावेगी।

## पवई विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रहलाद लोधी ने दाखिल किया नामांकन

**पन्ना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत नाम निर्देशन पत्र जमा करने के तीसरे दिन एक नामाकंन पत्र जमा हुआ। पवई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से प्रह्लाद लोधी द्वारा रिटर्निंग अधिकारी भारती देवी मिश्रा के समक्ष नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। जिले के अन्य दो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कोई भी नाम निर्देशन पत्र दाखिल नहीं किया गया।

## हेलीपैड अनुमति के संबंध में निर्देश जारी

**पन्ना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत अभ्यर्थियों और राजनैतिक दलों द्वारा जिले में चिन्हित हेलीपैड के उपयोग की अनुमति जिला स्तर से जारी की जाएगी। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, सिविल सर्जन और जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## तीसरे दिवस 01 नामांकन दाखिल

**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत नाम निर्देशन की प्रक्रिया प्रारंभ है । अभ्यर्थियों द्वारा नामनिर्देश अपने-अपने क्षेत्र के रिटर्निंग आफीसर के समक्ष प्रस्तुत किये जा रहे हैं। इसी प्रक्रिया के तहत 25 अक्टूबर को तीसरे दिवस 01 अभ्यर्थी ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। इस प्रकार अभी तक 07 अभ्यर्थियों ने अपने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये हैं । अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने बताया विधानसभा क्षेत्र 55-दमोह से बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी प्रताप रोहित ने अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया।

## शांति पूर्ण ढंग से चल समारोह का समापन

**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** नगर में शारदीय नवरात्र पर धूम धाम रही वही दशहरा पर्व देवी विसर्जन बड़े तालाब दमोह रोड पर किया गया। जो देर रात तक चला। प्रशासन द्वारा शांति पूर्ण तरीके से चल समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ । एसडीएम, तहसीलदार, नगर परिषद के कर्मचारियों व पुलिस विभाग द्वारा प्रमुख चौराहा, तालाब घाट पर ड्यूटी पर तैनात रहे।



## आनंद धाम में खप्पर आरती में शामिल हुए हजारों लोग



**दमोह देशबन्धु।** आनंद धाम में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी जबेरा के युवाओं द्वारा विशाल चुनरी यात्रा निकालकर आनंद धाम में विराजमान मां को चुनरी अर्पित की। इसके उपरांत आनंदधाम पीठाधीश्वर स्वामी रंजीतानंद सरस्वती जी महाराज के द्वारा भगवती मां की खप्पर महाआरती की गई। आनंद धाम पीठाधीश्वर स्वामी रंजीतानन्द जी महाराज ने बताया कि इस आरती की बहुत विशेषता है दूर दूर से लोग नवरात्रि के संमापन में दसवीं के दिन इस खप्पर आरती के दर्शन करने आते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे गुरु कहते हैं कि जो भी इस खप्पर आरती में मां के दर्शन करता है उसके सारे कष्टों का नाश होता है व सुख की प्राप्ति होती है। इस महाआरती में दमोह,जबलपुर, कटनी,राजस्थान सहित आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में लोग की उपस्थिति रही।

## बोतराई और बांदकपुर चौकी क्षेत्र में निकाला गया फ्लैग मार्च



**दमोह देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश अनुसार पथरिया एसडीओपी रघु केसरी के नेतृत्व में थाना प्रभारी पथरिया रजनी शुक्ला और पुलिस स्टाफ ने फोर्स के साथ ग्राम बोतराई में फ्लैग मार्च किया. तो वहीं बांदकपुर चौकी क्षेत्र में एसडीओपी रघु केसरी, टीआई हिंडोंरिया महेंद्र सिंह जगेत के नेतृत्व में चौकी प्रभारी बीएस हजारी और पुलिस स्टाफ ने फोर्स के साथ फ्लैग मार्च कर आगामी चुनाव को लेकर शांति का वातावरण बनाने की अपील कर रहे है।

# मतदाताओं को जागरूक करने नुक्कड़ नाटक, निकाली जा रहीं रैलियां



**दमोह देशबन्धु।** दमोह जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप अभियान के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत रोजाना विभिन्न गतिविधियों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत के सीईओ अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार स्वीप गतिविधियां हो रही हैं। ऐसे क्षेत्र जहां विगत चुनाव में कम मतदान हुआ था वहां विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान में समाज के सभी वर्गों का सहयोग लिया जा रहा है। स्वीप अभियान के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों के वार्डो एवं ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली जा रही है। शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है एवं मतदाताओं को मतदान करने हेतु शपथ दिलायी जा रही है। विद्यार्थियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता के पोस्टर निर्माण कराये जा रहे है। जिले में रैली, संगोष्ठी, रंगोली प्रतियोगिता, मतदाता जागरूकता सेल्फी बोर्ड आदि के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित किया जा रहा है। दमोह जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के ऐसे मतदान केन्द्र जहां गत विधानसभा चुनाव 2018 में कम मतदान हुआ तथा दमोह के उप चुनाव में 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था, उन्हें चिन्हित कर वहां विशेष जागरूकता के प्रयास किये जा रहे हैं। स्कूलों एवं महाविद्यालयों में भी विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। नव मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित किया जा रहा है।

## जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**दमोह देशबन्धु।** आजाद अध्यापक शिक्षा संघ जिला दमोह ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया। जिसमे संघ द्वारा मांग कि संचानालय लोक शिक्षण म.प्र. ने सातवे वेतनमान के प्रथम, द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ अर्थात सभी किश्तो का भुगतान 31.05.2023 तक करने के निर्देश दिये जाकर पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया गया था। परंतु आज दिनांक तक शतप्रतिशत ऐरियर्स का भुगतान नही किया गया है। इस संबंध में संदर्भित पत्र द्वारा संबंध अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु ज्ञापन दिया गया था परंतु आज दिनांक तक कुछ नही हुआ। संघ ने ज्ञापन सौपते हुआ मांग की है कि यथा शीघ्र बकाया किश्तो की राशि का ऐरियर्स 31.05.2023 से अब तक 18 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान कराते हुये ब्याज की राशि संबधित जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों से वसूल कि जावे, साथ ही यदि माननीय न्यायालय में जाने की स्थिति निर्मित होती तो ब्याज के साथ-साथ माननीय न्यायालय का व्यय भी देय होगा। ज्ञापन में हरीश कुमार अहिरवाल, अभय भट्ट, रघुवीर तिवारी आदि की उपस्थिति रही।



## तीर्थकर शीतलनाथ भगवान का मोक्ष कल्याण मनाया

**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** नगर के जैन झंडा चौक बाजार स्थित श्री शीतलनाथ दिगंबर जैन मंदिर में वर्तमान चौबीस के 10 वें तीर्थंकर श्री शीतलनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक निर्वाण दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। प्रात: ही इंद्रो ने सर्वप्रथम तीर्थंकर भगवान को विराजमान कर अभिषेक किया। उसके बाद भक्ति भाव से अर्घ निर्माण लाडू समर्पित करते हुए उनकी विशेष पूजा एवं कल्याणक अर्घ समर्पित किए। मोक्ष कल्याणक प्रसंग पर तीर्थंकर भगवान के जयकारों से जिन मंदिर गूंज उठा एवं सभी ने जय घोष करते हुए। आर्यिका श्री विमलमति माताजी ने कहा यह प्रसंग हमारे लिए हर्ष के साथ-साथ चिंतन का भी विषय है हमें यह विचार करना चाहिए कि किस तरह उन्होंने अष्ट कर्मो का क्षय कर मोक्ष को प्राप्त किया। आर्यिका श्री विमलमति माताजी ने कहा कि आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज चर्या को प्रयोगशाला में लाना चाहिए और उनके बताये मार्ग पर चलना चाहिए। आर्यिका श्री श्रीजी के समक्ष शांतिधारा का सौभाग्य विजय जैन,नेमीचंद बड़कुल, रवि बांसा, अभिषेक बडकुल,अभय जैन आदि को प्राप्त किया।



# नामाकंन के तीसरे दिन जिले में 10 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किए


भाजपा प्रत्याशी गोपाल भार्गव ने जमा किया नामांकन।


भाजपा प्रत्याशी महेश राय ने जमा किया नामांकन।


कांग्रेस प्रत्याशी हर्ष यादव ने अपना नामांकन पत्र जमा किया।


कांग्रेस प्रत्याशी सुरेन्द्र चौधरी ने किया नामांकन दाखिल।

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के तहत गोपाल भार्गव सहित जिले में दस अभ्यार्थियों ने तीसरे दिन नाम निर्देशन पत्र जमा किए। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया 21 अक्टूबर से प्रारंभ हो चुकी है। जिसके तहत तीसरे दिन जिले में दस नाम निर्देशन पत्र जमा किये गए। इस प्रकार जिले में अब तक 15 नाम निर्देशन पत्र जमा किए जा चुके हैं। रहली विधानसभा क्षेत्र निर्वाचन से भाजपा के प्रत्याशी गोपाल भार्गव ने रिटर्निंग अधिकारी गोविन्द दुबे के समक्ष अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। गोपाल भार्गव ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए अभ्यर्थी सहित चार व्यक्तियों की उपस्थिति में अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। रहली विधानसभा क्षेत्र निर्वाचन से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सावित्री विनोद, रजनी गुप्ता सुरेंद्र, ज्योति रानी राजेंद, सरोज रानी गोरेलाल, रजनी राजकुमार ने भी अपने नाम निर्देशन पत्र जमा किये। देवरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी हर्ष यादव ने रिटर्निंग अधिकारी गगन बिसेन के समक्ष अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। इसी प्रकार बीना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी महेश राय ने अपना नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह के समक्ष जमा किया। खुरई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के मनोज रजक ने अपना नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग अधिकारी रवीश श्रीवास्तव के समक्ष जमा किया। नरयावली विधानसभा क्षेत्र में इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी सुरेंद्र चौधरी ने रिटर्निंग अधिकारी विजय डहेरिया के समक्ष नाम निर्देशन पत्र जमा किया। सागर, सुरखी एवं बंडा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से आज किसी भी अभ्यार्थी नें नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं किया।



## पीटीसी ग्राउंड में किया गया रावण दहन

### नाभि में तीर लगते ही धू-धू कर जल उठा रावण

**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा पीटीसी ग्राउंड में संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत के मुख्य आतिथ्य में जिला सत्र एवं प्रधान न्यायाधीश केपी सिंह की अध्यक्षता में एवं कलेक्टर दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, सिटी मजिस्ट्रेट शैलेन्द्र सिंह, राजेश सिंह सहित जिला निगम प्रशासन के अधिकारियों और नगरवासियों की उपस्थिति में नगर निगम द्वारा पीटीसी ग्राउंड में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में 51 फुट ऊंचे रावण के पुतले को राम स्वरूप बालक ने जैसे ही रावण के पुतले पर तीर छोड़ा जो उसकी नाभि पर लगते ही रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा और 5 मिनट में ही रावण का पुतला जल गया, परंतु पुतले जलने के साथ शुरू हुई शानदार आतिशबाजी करीब 20 से 25 मिनट तक चलती रही, जिसे देखकर बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। रावण दहन के पूर्व शाम 6.30 से राधे राधे संकीर्तन मंडल द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मतदान करने की अपील भी की गई एवं शानदार आतिशबाजी की गई।

## दुर्गा विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से युवक की मौत

**बीना, देशबन्धु।** भानगढ़ थाना क्षेत्र के महादेवखेड़ी गांव के पास खेत में बनी छोटी तलैया में देवी विसर्जन के दौरान 28 वर्षीय एक युवक डूब गया था। जिसका शव कड़ी मशक्कत के बाद बुधवार को निकाला जा सका। मिली जानकारी अनुसार महादेवखेडी गांव के पास खेत में बनी छोटी तलैया में ग्रामीणों ने दुर्गा जी की प्रतिमा का विसर्जन किया था। इसी दौरान राजेंद्र पिता शिब्बू बंसल 28 ने देवी विसर्जन के दौरान तलैया में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद लोगों ने पानी में कूदकर युवक की तलाश की लेकिन वह नहीं मिला। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी भानगढ़ पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दूसरे दिन बुधवार को गोताखोरों की कड़ी मशक्कत के बाद शव निकाला। मृतक की परिजन जुजा बंसल ने बताया कि गांव के सभी लोगों ने प्रतिमा का विसर्जन किया। इसी दौरान राजेंद्र बंसल आया और कहने लगा ऐसे प्रतिमा का विसर्जन नहीं किया जाता है इतने में वह कहकर तलैया में कूद गया और हम लोग देख भी नहीं सके। इसके तत्काल बाद अन्य लोग भी कूदे लेकिन तलैया गहरी होने से वह नहीं मिला और सुबह से उसकी तलाश फिर से शुरू कर दी गई थी। गोताखोरों की मदद से उसे कई घंटों के बाद निकाला जा सका। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बीना सिविल अस्पताल लेकर आए हैं। इस मामले के विवेचक भानगढ़ थाने के आरपी तिवारी ने बताया कि महादेवखेडी गांव के पास छोटा तालाब बना हुआ है। इसमें गांव के लोगों ने प्रतिमा का विसर्जन किया। प्लास्टिक ऑफ पेरिस की प्रतिमा होने की वजह से तालाब के अंदर प्रतिमा नहीं जा रही थी तो वहां खड़े युवक ने कहा कि ऐसे प्रतिमा नहीं डूबेगी वह डुबाकर बताता है तो बिना देर किये हुए वह तालाब में कूद गया। इसके अगले दिन उसका शव मिला है। मर्ग कायम कर मामले की जांच की जाएगी।

## अवैध गांजा की तस्करी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

### आरोपी के कब्जे से 4 किलो अवैध गांजा कीमत करीब 70 हजार रुपए किया जप्त



**सागर, देशबन्धु।** जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम अधिक सक्रियता के साथ मुखबिर तंत्र को मजबूत कर लगातार अवैध मादक पदार्थ के क्रय/विक्रय व इनकी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो के संबंध में गोपनीय रुप से सूचना संकलन कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में 25 अक्टूबर को मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी केंट रावेंद्र सिंह चौहान को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति गांधी विरयानी दुकान के सामने रेल्वे ओवर ब्रिज के पास काले रंग के बेग में अवैध रूप से गांजा लिये है, उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक एवं अति. पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एक टीम गठित कर उक्त स्थान पर दबिश दी गई, जो गांधी विरयानी दुकान के सामने रेल्वे ओवर ब्रिज के पास एक व्यक्ति हाथ में काले रंग का बेग लिये खड़ा था। उक्त व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा उसका नाम पता पूंछा जिसने अपना नाम हीरालाल पिता थोवनलाल अहिरवार निवासी गणेश वार्ड बीना जिला सागर का होना बताया। उसके बेग की तलाशी लेने पर उसके बेग में 4 पैकेट में प्रत्येक में एक-एक किलो कुल 4 किलो गांजा कीमत करीबन 70 हजार रखे मिला। जिस पर विधि सम्मत कार्यवाही करते हुए अपराध क्र. 785/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का थाना कैंट में कायम कर आरोपी को न्यायालय मे पेश किया। टीम में निरीक्षक रावेन्द्र सिंह चौहान थाना प्रभारी केंट, उपनिरी संजय बामनिया, हरिहर प्रताप सिंह सेंगर, अनुराग, मणिशंकर मिश्रा, दिनेश, लखन तथा आरपीएफ सागर से उप निरीक्षक दीपचंद्र सिंह, विवेकानंद कुमार, अवधेश कुमार मिश्रा, केदारमल जाट, बब्लूराम का सराहनीय कार्य रहा।

## बीटीआईआरटी में अथर्व फाउन्ड्रीज का केम्पस ड्राइव



**सागर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड अंचल के ख्याति प्राप्त इंजीनियरिंग एवं प्रबंधन संस्थान बीटीआईआरटी के सिरोंजा स्थित परिसर में पुणे की ख्यातिप्राप्त कंपनी अथर्व फाउन्ड्रीज प्रा.लि. का आपरेटिंग इंजीनियर के पद पर आकर्षक पैकेज पर भर्ती हेतु केंपस ड्राइव आयोजित किया गया जिसमें संस्था के बीटेक मेकेनिकल व इलेक्ट्रिकल व डिप्लोमा मेकेनिकल व इलेक्ट्रिकल 2024 में पास आउट होने वाले अंतिम वर्ष के विद्यार्थी शामिल हुए। सर्वप्रथम संस्था के सेमिनार हाल में कंपनी प्रतिनिधि का अभिवादन किया गया तत्पश्चात कंपनी प्रतिनिधि ने कंपनी प्रोफाइल, जॉब प्रोफाइल इत्यादि को समाहित कर प्रस्तुतीकरण दिया, तत्पश्चात् आपने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समुचित समाधान किया। चयन प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न हुई, सभी चरणों को सफलता पूर्वक पूर्ण कर 19 विद्यार्थियों ने कंपनी में अपनी सेवाएं देने का अवसर हासिल किया। संस्था के सचिव, प्राचार्य एवं रजिस्ट्रार ने सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी। यह आयोजन संस्था की ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विंग के माध्यम से प्लेसमेंट एडवाइजर डॉ. सचिन चौधरी के दिशा-निर्देशन, संस्था के प्राचार्य डॉ. वीरेश फुसकेले के कुशल मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट सहायक इंजी. गौरव खरे, इंजी. शिवम भल्ला, इंजी. शेख शाहिद व इंजी. भूपेन्द्र नामदेव के सहयोग से संपन्न हुआ। प्लेसमेंट प्रक्रिया संपन्न होने के बाद संस्था के प्राचार्य ने प्रतिनिधियों से मुलाकात कर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## अपर कलेक्टर ने देवरी, रहली के चेक पोस्टों का निरीक्षण किया



**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देश पर अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी द्वारा रहली एवं देवरी में बनाये गये चेक पोस्टों एवं अंतर जिला चेक पोस्ट तीतरपानी का निरीक्षण किया। उन्होंने रहली एवं देवरी के रेस्ट हाउस का भी निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने वीवीटी एसएसटी द्वारा चेक पोस्टों पर की जा रही जांच का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी आने जाने वाले वाहनों की सूक्ष्मता के साथ जांच की जावे। जांच के दौरान सभी अधिकारी कर्मचारी शालीनता का व्यवहार रखें। सवारियों से सहयोगात्मक रवैया करते हुए वाहन की जांच करें। रहली एवं देवरी के रेस्ट हाउस का भी निरीक्षण किया जहां उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा नियुक्त किए गए प्रेक्षक के रुकने की व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी रेस्ट हाउस में कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट की व्यवस्था की जाये साथ ही केयर टेकर भी 24 घंटे मौजूद रहे।

## 69 रोगियों का नि:शुल्क परामर्श एवं परीक्षण सम्पन्न



**सागर, देशबन्धु।** स्वामी विष्णुतीर्थ के जन्मोत्सव एवं स्व. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ल एवं शांति देवी शुक्ल के जन्म शताब्दी वर्ष एवं उनकी स्मृति के अवसर पर नि:शुल्क शिविर में मधुमेह, यूरिक एसिड, कोलेस्ट्राल, हीमोग्लोबिन सहित कुल 69 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श डॉ. राजेश शुक्ला द्वारा दिया गया। योग, आयुर्वेद एवं आहार का आयुर्वेद संबंधित सामग्री नि:शुल्क वितरित की गई शिविर में मोहली, पथरिया, दमोह, खुरई, गढौली, भोजपुरा, जैसीनगर, विश्वविद्यालय एवं विभिन्न अंचलों के लोग शामिल हुए, शिविर में आयुर्वेद आहार एवं मधुमेह साहित्य का वितरण किया गया। इस शिविर में संजय गुप्ता, सौरभ तिवारी, दीपक मिश्रा, नीलेश जैन, वीरेन्द्र गोस्वामी, अजय दुबे, सत्येश शुक्ला का विशेष सहयोग रहा। शिविर का आयोजन शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र सिविल लाइंस में किया गया।

## विद्यार्थियों से पूछे मतदान से संबंधित प्रश्न



**सागर, देशबन्धु।** पं. दीनदयाल उपाध्याय शास.कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिलास्तरीय मतदान से संबंधित प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला स्वीप नोडल अधिकारी पीसी शर्मा ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य मतदाताओं विशेषकर युवा मतदाताओं को मतदान से संबंधित समस्त जानकारियां एवं चुनावी साक्षरता से संबंधित लक्ष्य को प्राप्त करना है। जिला स्वीप समन्वयक डॉ. अमर कुमार जैन ने संचालन करते हुए मतदान से संबंधित प्रश्न पूछे जिनमें भारत के प्रथम मतदाता कौन थे, भारत में प्रथम मतदान किस दिनांक को किया गया, राष्ट्रीय मतदाता दिवस कब मनाया जाता है, भारत में चुनाव आयोग की स्थापना कब हुई, भारत की प्रथम महिला चुनाव आयुक्त कौन थी, मतदाताओं की सहायता के लिए कौन सा एप कार्य करता है, मतदाता परिचय पत्र बनाने, नाम संशोधन एवं काटने के लिए कौन से प्रपत्र लगते हैं इत्यादि का उत्तर सही देने पर शासकीय कन्या महाविद्यालय सागर की छात्रा कुमकुम जैन व प्रेरणा सिरवानी को प्रथम, शासकीय पीजी महाविद्यालय बीना की छात्रा यश प्रकाश लखेरा व सूजल कुशवाहा को द्वितीय तथा शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की छात्र मनोज चौधरी व प्रदीप अहिरवार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की समन्वय डॉ. इमराना सिद्दीकी स्कोरर, सुनील प्रजापति व देवकृष्ण नामदेव एवं पंजीयन डॉ. अंजली तिवारी ने किया।

## धर्म विनाशक मनुष्य समाज, धर्म, संस्कृति को तोड़फोड़ कर नष्ट करता है: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** बंदर, कुत्ता, सुकर, मक्खी, जोक आदि स्वभाव वाले मनुष्य धर्म के विनाशक हैं यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही, मुनिश्री ने विशेषता पूर्वक बताते हुए कहा बंदर चंचल स्वभाव का होता है, चंचलता से उत्तम वस्तुओं को भी तोड़फोड़ कर समाप्त कर देता है, इसी तरह धर्म विनाशक मनुष्य समाज, धर्म संस्कृति को तोड़फोड़ कर नष्ट करता है। कुत्ता भोकता है वैसे ही स्वान स्वभाव वाले मनुष्य कुत्ते की तरह साधर्मी बंधुओ पर घुर्राते हैं, क्रोध करके लड़ते हैं, दूसरों पर कुत्ते की तरह चिल्लाते हैं। सुकर स्वभाव वाले जीव पाप प्रकृति के होते हैं जैसे सुकर को मिठाई नहीं, मल पसंद होता है वैसे ही इस प्रकृति के लोगों को गुण नहीं केवल दूसरों के दोष ढूंढते रहते है और मक्खी के स्वभाव वाले लोग लोभी होते हैं उन्हें धर्म दान त्याग में रुचि नहीं होती, जैसे मक्खी गुड़ से लिपट जाती है, वही लोभ के कारण मर जाती है, जोक प्रवृत्ति के लोग गुणो को छोड़कर अवगुणों को ही ग्रहण करते हैं जैसे जोक सदा दूध को छोड़कर, खून चूसता है। ऐसे लोग धर्म संस्कृति समाज के लिए बहुत घातक व विनाशक होते हैं ऐसे पुरुषों से बचना चाहिए। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा कि माता पिता वा घर के बुजुर्गों को हमेशा अपने बच्चों को धर्म के सूत्र, प्रश्नोत्तर, स्त्रोत, कहानी आदि प्रतिदिन 10 से 15 मिनट धर्म की शिक्षा जरूर देनी चाहिए।

### 25 मंडलीय समोशरण विधान के पहले दिन निकली कलश यात्रा

## मन की शुद्धि सबसे पहले आवश्यक: मुनिश्री



**शाहगढ़, देशबन्धु।** मुनिश्री विरंजन सागर ससंघ सानिध्य में नगर भवन में होने जा रहे 1008 समोशरण मंडल विधान और विश्व शांति महायज्ञ के पहले दिन बुधवार दोपहर को बड़ा मंदिर परिसर से विधान स्थल तक विशाल घटयात्रा निकाली गई। मुनिश्री ससंघ सहित घटयात्रा के जुलूस में अपनी उपस्थिति मानकर अपनी पारंपरिक परिधान में धर्म ध्वज लेकर सिर पर स्वस्तिक मंगल कलश लेकर महिला पुरुष बच्चों सहित सभी संगठन कृतज्ञ हो रहे थे। मातृ शक्तियां सिर पर मंगल कलश लिए हुए घटयात्रा में मुनि संघ के आगे-आगे चल रही थी। घोड़ा बग्गी पर विधान के प्रमुख पात्र सवार थे, वही श्रावक भक्ति में लीन होकर नृत्य करते हुए चल रहे थे। बड़ा मंदिर से प्रारंभ हुई घट यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुण्य स्थल पर निर्मित की गई अयोध्या धाम नगर भवन पहुंची। घट यात्रा में समाज के श्रावक एवं श्राविकाओं व युवाओं के साथ-साथ ग्राम वासियों में भी अपार उत्साह नजर आ रहा था। मुनि श्री विरंजन सागर ने इस अवसर पर अपने आर्शीवचन में कहा कि भगवान महावीर के शासन काल में उनकी दिव्य देशना का रसपान करने बैठे हैं, वह अद्भुत क्षण होगा जब नैनागिरि में भगवान पारसनाथ का समोशरण आया होगा, ऐसे ही समोशरण की रचना हम यहां कर रहे हैं, इस समोशरण में तीन लोक के नाथ विराजमान हो रहे हैं, समोशरण में भव्य जीव ही पहुंच पाते हैं, भगवान के समोशरण में आकर उनकी दिव्य देशना सुनने का पुण्य अर्जन करेंगे और अपनी आत्मा को पवित्र करेंगे। जिन भगवान की वाणी ही एक औषधि है जो विकारों कशाय का दमन कर सकती है, भगवान की वाणी को सुनने से तन के रोग दूर हो जाते हैं, जिनेंद्र भगवान की देशना हित अहित का ज्ञान कराती है, तो अंधकार से प्रकाश की ओर भक्ति से भगवान तक का सफर करने में जिन दिव्या देशना सहायक होती है, हम समोशरण में भक्त नहीं भगवान बनने की लालसा से आए समोशरण की महिमा अपरंपार है, समोशरण में भिखारी नहीं पुजारी बनकर भगवान की पूजा भक्ति आराधना करना है, बाहर की शुद्धि मंत्रोचर व जल से विधानाचार्य ने करा दी है, लेकिन मन की शुद्धि सबसे पहले आवश्यक है। मन पवित्र करना बहुत जरूरी है। मुनिश्री ने कहा मन की पवित्रता रहेगी, तो यह अनुष्ठान निर्विघ्न संपन्न होगा। आचार संहिता लागू है उनके नियमों और निर्देशों का पालन करते हुए यह भव्य आयोजन सुख समृद्धि खुशहाली शांति को देगा। गंभीरता, सक्रियता व कर्तव्य समझकर अपने कार्य को करते रहे। घटयात्रा सआनंद संपन्न हुई। वहीं विधानचार्य शशिकांत ग्वालियर, ऋषभ राजिम, संकेत सोजना ने मंडप शुद्धि कराई और अनुष्ठान प्रारंभ हुआ है।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।